जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 125, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 01 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट






**बीते 8 सालों में प्रधानमंत्री की जगह स्वयं को प्रधान-सेवक के रूप में देखा है : मोदी**

# करप्शन के प्रति जीरो टालरेंस नीतिः मोदी



**शिमला/नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को शिमला के रिज मैदान से 130 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताते हुए प्रत्येक देशवासी के सम्मान, सुरक्षा, समृद्धि, सुख-शान्ति और कल्याण के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले 8 सालों में मैंने एक बार भी खुद को प्रधानमंत्री के रूप में नहीं देखा। जब मैं दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करता हूं तो मेरे पास पीएम की जिम्मेदारी होती है, लेकिन जैसे ही फाइल चली जाती है, तो मैं सिर्फ 130 करोड़ लोगों का प्रधान सेवक रह जाता हूं, जो मेरे जीवन में सबकुछ है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के आठ साल पूरे होने पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन को संबोधित कर अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, जब हमारी सरकार अपने आठ वर्ष पूरे कर रही है, तो मैं अपना संकल्प फिर दोहराउंगा। हर भारतवासी के सम्मान के लिए, हर भारतवासी की सुरक्षा, हर भारतवासी की समृद्धि के लिए, सुख-शांति और कल्याण के लिए जितना काम कर सकूं, उसे करता रहूंगा।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले की सरकार ने भ्रष्टाचार को सिस्टम का जरूरी हिस्सा मान लिया था, तब की सरकार भ्रष्टाचार से लड़ने की बजाय उसके आगे घुटने टेक चुकी थी। तब देश देख रहा था कि योजनाओं का पैसा जरूरतमंद तक पहुंचने के पहले ही लुट जाता है। लेकिन आज चर्चा जन-धन खातों से मिलने वाले फायदों की हो रही है।

## पीएम ने पीएम-किसान निधि की 11वीं किस्त जारी की




**शिमलाः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत वित्तीय लाभ की 11वीं किस्त जारी की। इससे 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को 21,000 करोड़ रुपये की राशि अंतरित हुई। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के आठ साल पूरे होने पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से केंद्र की 16 योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया।

## मां का स्केच लेने के लिए पीएम मोदी ने अचानक रुकवाई कार

**शिमला :** अपनी सरकार के आठ साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को शिमला पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक महिला चित्रकार ने उनकी मां का स्केच भेंट किया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद पीएम जब लौट रहे थे तो उनकी नजर भीड़ में खड़ी एक लड़की पर पड़ी जिसने अपने हाथों में उनकी मां का स्केच पकड़ा था। पीएम ने तुरंत अपनी गाड़ी को रुकवाया और भीड़ के बीच लड़की के पास पहुंचे। लडकी ने स्केच पीएम को भेंट किया। पीएम ने अपनी मां का स्केच स्वीकार करते हुए चित्रकार से उसका नाम पूछा। साथ ही पूछा- स्केच खुद बनाती हो, कितने दिन में बनाया और आप कहां रहती हैं। जवाब में लड़की ने कहा- मैं शिमला में रहती हूं और एक दिन में स्केच बनाया है। लड़की ने आगे कहा- मैंने आपका(पीएम) भी स्केच बनाया है। लेकिन किन्हीं कारणों से नहीं ला पाई। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने लड़की के सिर पर हाथ रख उसे आशीर्वाद दिया और अपनी कार में बैठ गए। जानकारी के अनुसार शिमला के टूटीकंडी में रह रहीं हरियाणा के रेवाड़ी की चित्रकार अनु यादव ने पीएम मोदी की मां का स्केच बनाया था। अनु ने बताया कि उन्हें पीएम को उनकी मां का स्केच भेंटकर बहुत खुशी हुई है।

# सिद्धू मूसेवाला पंचतत्व में विलीन

**अंतिम संस्कार से पहले मां ने संवारे बेटे के बाल, पिता ने दिया मूंछों पर ताव, सेहरा सजाकर दी विदाई**



**चंडीगढ़ः** मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। मानसा जिले के मूसागांव स्थित उनके खेत में ही उन्हें मुखाग्नि दी गई। मूसेवाला की अंतिम यात्रा में उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ जुटी, जो उनकी एक आखिरी झलक देखना चाहती थी। मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह और मां चरण कौर ने अपने स्टार सिंगर बेटे को विदाई देने पहुंचे सैकड़ों प्रशंसकों का हाथ जोड़कर धन्यवाद किया। पिता ने अपनी पगड़ी उतारकर प्रशंसकों को शुक्रिया किया।

**प्रशंसकों ने पंजाब सरकार मुर्दाबाद के नारे लगेः** मूसेवाला की शव यात्रा और अंतिम संस्कार वाली जगह पर पंजाब सरकार मुर्दाबाद के नारे लगे। उनके प्रशंसकों ने उनकी सिक्योरिटी हटाए जाने और इसकी जानकारी सार्वजनिक किए जाने के चलते सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की।

## आयुष्मान भारत योजना गरीब वर्ग के लिए संजीवनीः मंडाविया

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को कहा कि आयुष्मान भारत योजना देश के गरीब वर्ग के लिए संजीवनी बन कर उभरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री के आठ साल पूरे होने के मौके पर ट्वीट करके कहा कि इस योजना से लोग 5 लाख तक का इलाज मुफ्त करवा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 करोड़ से अधिक परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा कवरेज ।

# अखिलेश-राहुल एक जैसेः सीएम

**बजट पर चर्चा में कहा- नेता प्रतिपक्ष को गाय के गोबर में बदबू आती है**


कैसे मंजर सामने आने लगे हैं और गाते-गाते लोग चिल्लाने लगे हैं।

**लखनऊः यूपी** विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमलावर नजर आए। योगी ने कहा- "नेता प्रतिपक्ष को बताना चाहूंगा कि आज गोबर से अगरबत्ती, धूपबत्ती भी बनती है। अगर पूजा करते तो जरूर जलाते। नेता प्रतिपक्ष अगर गोसेवा करते होते तो भाषण में भी दिखाई देता, लेकिन शायद भैंस वाले दूध का असर भाषण पर ज्यादा दिखाई दिया। गाय का कम दिखाई दे रहा है।" योगी यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा- "नेता प्रतिपक्ष ने एक बात कही थी कि उन्होंने अपने समय में एक स्कूल का दौरा किया था। बच्चों से पूछा मैं कौन हूं, तो बच्चे ने कहा- राहुल गांधी। बच्चे मन के सच्चे होते हैं। उसने सोच-समझकर ही कहा होगा। फर्क बहुत ज्यादा नहीं है। इतना है कि राहुल गांधी देश के बाहर देश की बुराई करते है और आप यूपी के बाहर यूपी की बुराई करते हैं।"

**योगी ने दुष्यंत कुमार का शेर पढ़ाः** योगी ने कहा- "नेता प्रतिपक्ष उस दिन ऐसे मुद्दे पर आ गए जिसका बजट से संबंध नही था। ऐसी बातें बोल रहे थे जिसका खामियाजा प्रदेश अतीत में भुगत चुका है। ऐसे में दुष्यंत कुमार की पंक्तियां याद आ गईं- "कैसे मंजर सामने आने लगे हैं और गाते-गाते लोग चिल्लाने लगे हैं...।" योगी ने कहा- "नेता प्रतिपक्ष भाषण में एक तरफ किसान की बात कर रहे हैं। दूसरी तरफ गोबर में उन्हें बदबू आ रही थी। टीम वढ के रूप में सामूहिक प्रयास हुए। उत्तर प्रदेश के बारे में दुनिया में लोगों का विश्वास बढ़ा है।"

# सत्येंद्र जैन को फंसाया जा रहा है, गुनहगार होते तो निकाल देताः केजरीवाल

**नई दिल्लीः** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के केस में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस पूरे मामले को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि फर्जी केस है। हमारी कट्टर ईमानदार सरकार है और कट्टर ईमानदार पार्टी है। हम एक पैसे का भी भ्रष्टाचार ना करते हैं और ना ही बर्दाश्त करते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले पंजाब में एक मंत्री की ऑडियो रिकॉर्डिंग थी और इसके बारे में किसी एजेंसी विपक्ष या मीडिया को नहीं पता था। उन्होंने कहा कि हम चाहते तो मामले को दबा सकते थे, लेकिन हमने खुद उस मंत्री के खिलाफ एक्शन ले कर उसको गिरफ्तार करवा दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसा ही पांच साल पहले दिल्ली में हुआ था हमारे एक मंत्री की हमारे पास ऑडियो रिकॉर्डिंग आई थी। उस दौरान मैंने उसे मंत्रालय से भी बर्खास्त किया था। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम किसी एजेंसी का इंतजार नहीं करते हैं ।

**स्कूल में कई मुस्लिम टीचर्स भी थे, लेकिन आतंकियों की बंदूक के निशाने पर रजनी ही थीं**

# कश्मीर में हिंदू टीचर की टारगेटेड हत्या



**श्रीनगरः सुबह** के करीब 10 बज रहे थे और स्कूल में प्रेयर का टाइम था। अचानक फायरिंग की तड़तड़ाहट सुनाई दी। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे बाहर निकले तो देखा कि उनकी फेवरेट टीचर रजनी स्कूल के गेट से 10-15 मीटर की दूरी पर लहूलुहान पड़ी हुई हैं। पास में ही उनका लाल रंग का बैग और जामुनी रंग की जूतियां पड़ी हुई थीं। हमला इतना खतरनाक था कि खून रिसते हुए जूतियों तक जा पहुंचा था। कश्मीर में एक के बाद एक हो रही टारगेटेड हत्याओं का सिलसिला जारी है। इस बार आतंकियों के निशाने पर थीं साउथ कश्मीर के ग्रामीण इलाके में पढ़ाने वालीं हिंदू टीचर रजनी। कुलगाम जिला हाल के दिनों में आतंक का नया गढ़ बनकर उभरा है। जम्मू श्रीनगर हाइवे से करीब 25 किमी अंदर गांव है गोपालपोरा। इसी गांव के सरकारी हाईस्कूल स्कूल के पास आतंकियों ने टीचर रजनी को निशाना बनाया। जिस वक्त आतंकियों ने हमला किया, स्कूल के अंदर करीब 70 छात्र थे। फायरिंग शॉट्स सुनते ही सब खौफजदा हो गए। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या हुआ। गोपालपोरा ग्राम प्रधान ने बताया, ह्यआतंकियों का हमला सुबह करीब 10 बजे हुआ। मैंने देखा कि एक टीचर के सिर में गोली लगी है। एक दूसरे टीचर की मदद से उसे उठाया, इसके बाद मैंने ही पुलिस को सूचना दी।

**गाड़ियों का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस हो जाएगा महंगा, स्टेट बैंक से होम लोन लेना हो जाएगा महंगा**

# जून की पहली तारीखः बदलाव का सीधा असर जेब और जिंदगी पर पड़ेगा

**नई दिल्लीः** एक जून, 2022 से देशभर में गाड़ियों के थर्ड पार्टी इंश्योरेंस और बैंकिंग सहित कई बदलाव होने वाले हैं। जून माह की पहली तारीख से हो रहे इस बदलाव का सीधा असर आपकी जेब और जिंदगी पर पड़ेगा। इसलिए ये जरूरी है कि इन नियमों की जानकारी आप पहले ही अपने पास रखें। एक जून से ऐसे होने वाले छह बदलावों के बारे में हम आपको बता रहे हैं, जिनका असर आप पर पड़ेगा।

**गाड़ियों का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस हो जाएगा महंगाः** एक जून से दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ-साथ अन्य बड़े वाहनों का थर्ड पार्टी बीमा महंगा होने वाला है। ऐसे में आपको थर्ड पार्टी बीमा के लिए ज्यादा प्रीमियम देना होगा। दोपहिया वाहनों के मामले में 150 सीसी से 350 सीसी तक के वाहनों के लिए 1,366 रुपये बतौर प्रीमियम देना होना, जबकि 350 सीसी से अधिक के वाहनों के लिए प्रीमियम 2,804 रुपये होगा।

**एक जून से गोल्ड हॉलमार्किंग का दूसरा चरणः** स्वर्ण आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग का दूसरा चरण शुरू होगा। एक जून, 2022 से 256 पुराने जिलों के अलावा 32 नए जिलों में भी हॉलमार्किंग सेंटर्स खोले जाएंगे। इन सभी 288 जिलों में सोने के गहनों की हॉलमार्किंग अनिवार्य हो जाएगी। इन जिलों में अब 14, 18, 20, 22, 23 और 24 कैरेट के गहने भी हॉलमार्किंग के बाद ही बेचे और खरीदे जा सकेंगे।

**स्टेट बैंक से होम लोन लेना हो जाएगा महंगाः** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने होम लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) को 0.40 फीसदी बढ़ाकर 7.05 फीसदी कर दिया है, जबकि रेपो-लिंक्ड लेंडिंग रेट (आरएलएलआर) बढ़कर 6.65 फीसदी प्लस क्रेडिट जोखिम प्रीमियम (सीआरपी) हो जाएगा। एसबीआई की बढ़ी हुई ब्याज दरें एक जून से प्रभावी होंगी, जिससे होम लोन की ब्याज दरों में इजाफा होगा। बता दें कि इससे पहले ईबीएलआर 6.65 फीसदी थी, जबकि आरएलएलआर 6.25 फीसदी थी।

**एक्सिस बैंक बचत खाता के नियमों में बदलावः** एक्सिस बैंक के बचत खाता पर लगने वाले सर्विस चार्ज भी बढ़ने वाला है। बैंक ने एक जून से बचत खाता में न्यूनतम बैलेंस रखने की सीमा में बढ़ोतरी की है। इसके तहत सेमी अर्बन और ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों को एक्सिस बैंक के सभी तरह के बचत खातों में 15 हजार रुपये की जगह न्यूनतम 25 हजार रुपये रखने होंगे या फिर 1 लाख रुपये का टर्म डिपॉजिट रखना होगा।

**इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लेन-देन पर फीसः** जून महीने में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) के जरिए लेनदेन करना भी महंगा हो जाएगा। आईपीपीबी ने 15 जून, 2022 से नगद लेनदेन फीस लेने का फैसला किया है।

# सत्येन्द्र जैन 9 जून तक ईडी की हिरासत में



**नई दिल्लीः** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लांड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येन्द्र जैन को 9 जून तक की ईडी हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने ये आदेश दिया। सत्येन्द्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने सत्येन्द्र जैन को आज दोपहर में कोर्ट के समक्ष पेश किया। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सत्येन्द्र जैन की 14 दिनों की हिरासत की मांग की। मेहता ने कहा कि कैश दिल्ली में दिया गया। ये कैश कोलकाता में हवाला के जरिये एंट्री आपरेटर्स तक पहुंचा। ये एंट्री आपरेटर्स कंपनियों में शेयर खरीद कर निवेश करते थे। ये फर्जी कंपनियां थीं। इन फर्जी कंपनियों में निवेश कर काला धन को सफेद बनाया जा रहा था। पैसों से जमीन खरीदने का काम किया गया। प्रयास नामक एनजीओ के जरिये कृषि भूमि खरीदी गई। कोर्ट ने तुषार मेहता से पूछा कि क्या आप 2015-17 के लेनदेन की बात कर रहे हैं। तब मेहता ने कहा कि हां।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग प्रेमिका संग युवक ने निगला जहरीला पदार्थ, हालत स्थिर

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थानांतर्गत सतपुरा गांव में एक प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। लड़की पक्ष के लोगो ने लड़के पर घर में घुसकर अभद्रता एवं हंगामा करने और लड़की को जबरन जहरीला पदार्थ खिलाने के आरोप लगाया है। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी पुलिस चौकी अंतर्गत सतपुरा गांव के एक मजरे की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी के दूसरे मजरे के 18 वर्षीय युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार को भोर में तीन बजे के युवक अपनी माशूका के घर पहुँच कर प्रेम का इजहार किया और शादी करने की जिद करने लगा। लड़की के घरवालों ने एतराज जताया तो वह अभद्रता पर उतारू हो गया। लड़की के घरवालों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुँची तब तक में युवक और किशोरी जहरीला पदार्थ खाकर बेहोश हो चुके थे। पुलिस ने लड़के के घरवालों को अस्पताल पहुँचाया। जहां लड़के की हालत नाजुक बताते हुए शहर के लिए रेफर कर दिया गया। नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह के मुताबिक लड़की ने जो बयान दिया है, उसके मुताबिक लड़का उसके पिता की नामौजूदगी में उसके घर पर आया था। लड़के ने जबरन मुझे जहरीला पदार्थ खिलाया और फिर खुद भी जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की।





घटना के बाद रोते बिलखते परिजन व आसपास के लोग तथा वीरान पड़ा मृतका का घर

## शक करने की आदत ने बनाया कातिल

# 60 साल की पत्नी को बसुला से काटकर खुद खा लिया जहर

अखंड भारत संदेश

**हत्या के बाद आरोपी ने बेटे से जाकर कहा कि मैंने तुम्हारी मां को काट डाला है तुम भी मुझे काट डालो**

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत जोरवट गांव में सोमवार की रात 65 साल के एक बुजुर्ग ने 60 साल की अपनी वृद्ध पत्नी को धारदार हथियार (बसुला) से काट डाला। पत्नी की हत्या के बाद वह कमरे से बाहर निकला और बेटे से कहा कि तुम्हारी मां को मैंने काट डाला है, तुम मुझे भी काट डालो। पिता की यह बात सुनकर बेटा हतप्रभ रह गया। वह चीखते हुए कमरे के अंदर गया तो वहां मां की खून से सनी लाश पड़ी थी। इधर कातिल पिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पंचनामा कर के पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और बेहोश बुजुर्ग को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया।

शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के जोरवट ग्राम सभा के श्याम का पुरवा बस्ती निवासी ब्रह्मदीन प्रसाद खेती किसान करता है उसके दो बेटे हैं दोनों शादीशुदा हैं। बड़े बेटे धर्म प्रकाश ने बताया कि बीती रात मां माधुरी देवी (60) और पिता ब्रह्मदीन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। रात में 11:30 बजे के आसपास ब्रह्मदीन उसके पास आया और बोला कि मैंने तुम्हारी मां को बसुला (धारदार हथियार) से काट डाला है। अब तुम भी मुझे काट डालो। पिता की यह बात सुनकर जब वह कमरे के अंदर गया तो वहां मां की लाश देख उसके होश उड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जो परिवार के लोग कमरे में इकट्ठा होकर रोने पीटने लगे तो घर के बाहर मौजूद ब्रह्मदीन ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ गई तो परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर भागे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की और शव को कब्जे में ले लिया। शंकरगढ़ पुलिस के मुताबिक उपचार के लिए सारण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। ठीक होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हत्या की वजह परिवार के लोग शक बता रहे हैं। घरवालों का कहना है कि पिछले 15 साल से समधीन अपनी पत्नी माधुरी पर शक करता था। उसी में यह हत्या भी हुई है। उसके दो बेटे धर्म प्रकाश और सूर्य प्रकाश एवं पांच बेटियां हैं। बेटे सूर्य प्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने धारा 302 का केस दर्ज कर लिया है।

## न्यूज झरोखा

### प्रेमी जोड़े ने परिवार के रजामंदी से मंदिर में रचाया विवाह



**रत्योंरा।** खीरी थाना क्षेत्र के सिरहिर गांव के सजातीय प्रेमी जोड़े ने परिवार की रजामंदी से मंदिर में विवाह रचा लिया। दोनों एक साथ एक ही स्कूल में पढ़ते थे आज के 2 वर्ष पूर्व से ही दोनों के बीच प्रेम प्रपंच चला आ रहा था। जब दोनों का प्रेम परवान चढ़ा तो दोनों घर से निकल जाने का फैसला ले लिया। दोनो एक साथ फरार हो गए। जिसकी सूचना खीरी पुलिस को दी गई। फरार प्रेमी जोड़े जब वापस आए तो दोनों को थाने ले जाया गया। जहां परिवार की रजामंदी से दोनों विवाह के लिए राजी हो गए। गांव के ही एक मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से दोनों ने विवाह रचा लिया। जानकारी के मुताबिक जसवंत विंद पुत्र अमर बहादुर बिंद व रविता कुमारी पुत्री रमेश बिंद खीरी थाना क्षेत्र के सिरहिर गांव के निवासी हैं। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे। पढ़ाई के दौरान ही दोनों का प्रेम संबंध बन गया था। इस बीच दोनों एक दूसरे के करीब आने जाने लगे जब इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस के समक्ष दोनों पक्षों के लोग आपसी सुलह समझौता कर विवाह को राजी हुए और गांव के मंदिर में ही दोनों ने विवाह कर लिया।

### नागरिक पीजी कॉलेज ने सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली निकाली




**जंघई।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में सड़क सुरक्षा जागरूकता के अंतिम दिन 31 मई मंगलवार को डॉ गंगेश दीक्षित विभागाध्यक्ष हिंदी के नेतृत्व मे जागरूकता रैली निकाली गई तथा डॉ दीक्षित ने लोगों को हेलमेट पहनने के लिए व्यक्तिगत रूप से अनुरोध भी किया। महाविद्यालय में यातायात एवं सड़क सुरक्षा से सबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बृजेश यादव क्रीड़ा अधीक्षक द्वारा 23 मई किया से किया गया था।प्राचार्य प्रो. राजीव मालवीय के निर्देशन में चले कार्यक्रम में डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, कुलदीप सोनी, विकास यादव, सुरेंद्र यादव, सुनील कन्नौजिया ममता यादव आदि के सहयोग से रैली निकाली गई जिसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नशा कोई भी हो मनुष्य के लिए जानलेवा है : रमेश



**करछना।** नशा किसी प्रकार का भी हो,स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है और अंत में जानलेवा साबित होता है। सभी बच्चे इसके प्रति खुद जागरूक हों और अपने पास पड़ोस गांव में भी नशा से जुड़े हुए लोगों को जागरूक करें।विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर यह बातें रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में एनसीसी कैडेटों द्वारा निकाली गई रैली के दौरान एनसीसी अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि तंबाकू कैंसर की जननी है अधिकतर लोग इस से परहेज न कर पाने के कारण रोग ग्रस्त हो जाते हैं और अंत में जान जाने का खतरा बना रहता है। 16 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज से आये हवलदार करन जीत सिंह ने बच्चों से स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने और बीड़ी,सिगरेट,तम्बाकू आदि से फैलने वाले गंभीर रोगों के बारे में जानकारी देते हुए संकल्प दिलाया, साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़कर गांव गिरांव के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने पर बल दिया। युवावस्था में नशे की लत से दूर रहने सावधान रहने पर जोर दिया। इस दौरान बच्चों ने हाथों में तरह-तरह के पोस्टर और बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। मौके पर एनसीसी कैडेट्स के अलावा विद्यालय के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### रिपुर में जल शक्ति केंद्र प्याऊ का हुआ उद्घाटन




**धनूपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रकल्प व वीटोल देवी गौ सेवा संस्थान की ओर से हरिपुर उर्फ मिश्रपुर सिरसा से बन्दीपट्टी मार्ग पर जल शक्ति केंद्र प्याऊ का उदघाटन किया गया।जल शक्ति केंद्र का उद्घाटन ग्राम प्रधान हरिपुर सौरभ तिवारी ने किया जिला संयोजक एबीवीपी शिव कुमार तिवारी तेजस्वी ने कहा कि स्टूडेंट्स फार सेवा प्रकल्प विद्याथीयों के अंदर सेवाभाव को जागृत करता है गर्मी में राहगीरों के लिये शीतल जल की समुचित व्यवस्था सम्भव हो सोशल मीडिया कार्यवाहक विवेक मिश्रा स्वामी जी ने कहा कि यह संगठन नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ करने वाला एक मात्र छात्र संगठन है प्रधान सौरभ तिवारी ने बताया कि इस प्याऊ में नियमित रूप से सुबह शाम शीतल पेय भरा जाएगा। इस दौरान दीनानाथ तिवारी, विवेक तिवारी, दयाशंकर तिवारी, बब्लू पिटारा, विकास तिवारी, राजकुमार, सौरभ, जितेंद्र भारतीय आदि कार्यकर्ता व सम्मानित नागरिक रहे।

### पतैयां असवां मार्ग जीर्ण शीर्ण आवागमन बाधित



**जंघई।** पतैयां प्रवेश गेट से असवां गेट तक जाने वाली सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आवागमन बाधित हो रहा है दुर्घटनाएं होती रहती है लेकिन सड़क मरम्मत नहीं हो रही जिससे आमजन आक्रोशित है।इसी प्रकार रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर, महरछा- जंघई आदि सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है

### अज्ञात बृद्ध की मृत अवस्था मे मिली लाश



**बारा\लालापुर।** बारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गौहानी बारा मोड़ पर एक पेड़ के नीचे अधेड़ का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर बारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीण संदिग्ध मान रहे हैं। शव की पहचान नहीं हो सकी है।

# बारात में जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** सराय ममरेज थाना क्षेत्र के गोपालीपुर गांव निवासी रवि कुमार जो सोमवार देर शाम को बारात में शामिल होने के लिए अतरौरा से सिकंदरा बहरिया के लिए बाइक से जा रहा था। वह फूलपुर तहसील के पास ही पहुंचा था कि बेकाबू ट्रक ने उसे कुचल दिया।दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना सराय ममरेज के गोपालीपुर निवासी लाल जी जो खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। लाल जी का बेटा रवि कुमार जिसकी उम्र लगभग 20 वर्ष थी वह सोमवार देर शाम मोटरसाइकिल से अतरौरा थाना उतराव से बारात में शामिल होने के लिए बहरिया सिकंदरा लिए जा रहा था। वह अपनी मोटरसाइकिल से फूलपुर तहसील के पास पहुंचा ही था कि बादशाहपुर की तरफ से आ रही बेकाबू ट्रक ने युवक को कुचल दिया। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक दो भाई दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। युवक का अभी विवाह नहीं हुआ था। मृतक युवक सूरत में वेल्डिंग का काम करता था। मृतक रवि की मौत से माता सवारी देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता ने फूलपुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



बेटे की मौत से गमजदा मां के साथ रोते बिलखते हुए अन्य परिजन तथा इन्सेट में मृतक रवि कुमार की (फाईल फोटो)

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की हुई मौत

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना अंतर्गत जारी बाजार के पहलू का पूरा गांव पास तेज धूप में बाइक चालक को अचानक चक्कर आ जाने से बाइक सवार अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे के डिवाइडर से टकरा गया जिसमें उसके सिर में गंभीर चोटे आई जिससे काफी देर तक खून बहता रहा और आते जाते लोग इकट्ठा होते गए लोगों की मदद से उसे पास के अस्पताल भेजा गया जिसके बाद नजदीकी अस्पताल में बाइक सवार आशीष यादव पुत्र राम कैलाश यादव निवासी टिकरी जसरा का रहने वाला है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया वहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया आशीष यादव की शादी को लगभग 5 वर्ष हुए थे जिनकी दो बेटियां भी थी मृत शरीर घर पहुंचने पर उनके पत्नी एवं परिवार का रो रो कर बुरा हाल था।

## दशकों पूर्व से एसडीएम कोर्ट में लंबित मामलों का नहीं हो रहा निपटारा

**रत्योंरा।** एसडीएम कोर्ट कोरांव में लंबित मामलों का निपटारा न होने से लोग आए दिन तहसील का चक्कर काट रहे हैं, किंतु उन्हें न्याय मिलता नहीं दिख रहा है। कई ऐसे मामले हैं जब तहसील मेजा हुआ करती थी मेजा से ही वाद दाखिल थे। जिसके बाद कोरांव तहसील बनी और कोरांव के कोर्ट में मामले चलने लगे किंतु ऐसे मामलों का भी अभी तक निपटारा न होने से लोग न्याय की आस में अपना जीवन खपा रहे हैं। वर्ष 1980 के दशक में तहसील मेजा हुआ करती थी जहां रघुवीर बनाम राम मनोरथ के बीच फाट बंदी का मुकदमा चल रहा था। जिसके बाद वर्ष 1997 में कोरांव तहसील बनी, किंतु रघुवीर बनाम राम मनोरथ के फाट बंदी मुकदमे में अभी तक निर्णय न होने से दोनों पक्ष न्याय की आस लगाए बैठे हैं। जबकि रघुबीर व राम मनोरथ दोनों की मृत्यु हो चुकी है। इनके वारिसान मुकदमे की पैरोकारी कर रहे हैं। मामला कोरांव कोहडार मार्ग ब्लॉक के ठीक सामने जमीन के फाट बंदी का है। इसी प्रकार भगवती बनाम बृजलाल के बीच नामांतरण का मुकदमा वर्ष 1992 से चल रहा है मामला यह है कि दोनों लोग मिलकर एक साथ बैनामा कराएं एक का नाम सरकारी अभिलेख पर दर्ज हुआ दूसरे का नाम छोड़ दिया गया। जिसके लिए 1992 से ही एसडीएम के यहां छूटे व्यक्ति का नाम अभिलेखों में दर्ज कराए जाने के लिए मामला पेंडिंग चल रहा है किंतु आज तक छूटे हुए व्यक्ति का नाम अभिलेखों में दर्ज नहीं हो सका। बृजलाल का कहना है कि एक भाई की मौत हो चुकी है। लग रहा है मेरी भी मौत के बाद नामांतरण हो पाएगा वर्ष 1992 से ही प्रार्थना देते देते थक गया किंतु पत्रावली को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। इसी प्रकार मोहम्मद हामिद बनाम पीर मोहम्मद के आपसी बंटवारे के लिए पांच वर्ष से धारा 116 के अंतर्गत मामला दाखिल है लेकिन आज तक फाइल पेंडिंग में ही पड़ी है। मामले का निपटारा नहीं हो सका। इसी प्रकार 4 वर्ष से संतलाल बनाम ग्राम पंचायत बड़ोखर के बीच हकबंदी दाखिल है। इनका कहना है कि आज तक हमारी हक बंदी नहीं हुई। इसी प्रकार राजेश्वरीधर बनाम इसरजिया निवासी सेमरी बाघराय के बीच 5 वर्ष से एसडीएम कोर्ट कोरांव में मामला चल रहा है, किंतु निपटारा नहीं हो रहा है जिससे आमने सामने होते रहते हैं। तहसील क्षेत्र के ज्यादातर गांवो में ऐसे मामले लंबित पड़े हैं। किंतु एक एसडीएम आते हैं दूसरे का तबादला हो जाता है किसी भी एसडीएम ने ऐसे मामलों के निपटारे की जहमत नहीं उठाई।

# गरीब कल्याण सम्मेलन में बीसी सखियों एवं आवास लाभार्थी हुए सम्मानित

अखंड भारत संदेश




**करछना।** विकासखंड करछना में गरीब कल्याण सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसके तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का ग्यारहवीं किस्त का हस्तांतरण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया , इस कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास के लाभार्थियों को चाभी वितरण किए एवम् राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बीसी सखियों को एनआईएफटी के सहयोग से निर्मित साड़ी वितरीत किया , एवम् विडियो कॉल के माध्यम से इन लाभार्थियों से वार्ता भी किए, चूंकि सरकार का हर योजना का लाभ प्रदेश के अंतिम नागरिक तक पारदर्शी एवम् सुगम तरीके से पहुंचाना मुख्य कार्यों में शामिल है ।उक्त कार्यक्रम के तहत ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख करछना प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी रहे । खंड विकास अधिकारी देव कुमार एवम् प्रमुख प्रतिनिधि एवम् वरिष्ठ उपाध्यक्ष यमुनापार बीजेपी त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय द्वारा लाभार्थियों को आवास की चाभी एवम् राष्ट्रिय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बीसी सखियों को साड़ी वितरीत कर प्रोत्साहित किया गया । उक्त कार्यक्रम में एडीओ पंचायत विवेक मिश्र द्वारा आवास के लाभार्थियों को आवास आर्वटित लाभार्थियों को सूची उपलब्ध कराई गई एवम् एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह द्वारा आजीविका मिशन के लाभार्थी बीसी सखियो को चिन्हित कर साड़ी वितरण कराया गया। ब्लॉक मिशन प्रबंधक आदित्य तिवारी द्वारा बताया गया की शासन द्वारा बीसी सखियों की विशिष्ट पहचान तथा प्रोत्साहन हेतु मैरून रंग की साड़ी वितरीत की गई चूंकि अपर मुख्य सचिव ग्राम विकास श्री मनोज सिंह द्वारा यह निर्देशित है की ग्राम स्तर पर पंचायत भवनों में बीसी सखी हेतु बैठने की भी व्यवस्था की जानी है जो की ग्राम्य स्तर पर सूक्ष्म बैंकिंग प्रणाली विकसित करेंगी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पांचायत सचिव मनीष सिंह , रामसकल, अब्दुल बारी , महेश कुमार , अमित यादव, संजीव श्रीवास्तव,,मनीष शुक्ला, कमल सिंह , हुमा परवीन आदि एवम् मिशन प्रबंधक जलज शर्मा संजय कुमार, धर्मेंद यादव व समस्त ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

### बीसी सखियों को पहचान हेतु साड़ी देकर किया सम्मानित



बीसी सखियों को साड़ी देकर सम्मानित करती प्रमुख गीता सिंह एवं अन्य।

**सहसों।** विकास खंड सहसों के सभागार में मंगलवार को ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बातचीत करते हुए लाभार्थियों से व्यक्तिगत रूप से पूछते हुए कहा कि आप लोगों को जो जन कल्याण कारी योजनाएं सरकार द्वारा पहुंचाई जा रही है उनका लाभ आप लोगों को मिल रहा है कि नहीं। यदि मिल रहा है तो आप सभी लोग उसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर 2 बीसी सखियों को जिला पंचायत सभागार में वर्चुअल संवाद के लिए भेजा गया। सहसों विकासखंड में 24 बीसी सखी नियुक्त की गई है। जिसमें 16 बीसी सखी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने उपस्थित बीसी सखियों को उनकी पहचान के लिए मैरून रंग की साड़ी प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख गीता सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन उपयोगी कार्यक्रम के तहत निचले तबके के पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिन लोगों को अभी तक लाभ नहीं मिल पाया है जल्द उनको भी इस योजना से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि एवं समाजसेवी शिवनारायण सिंह गप्पू , सहायक पंचायत अधिकारी नरेन्द्र दुबे, ब्लॉक मिशन प्रबंधक अविनाश शुक्ला, विकासखंड लेखाकार सोनू सिन्हा, वरिष्ठ लिपिक विजय बहादुर, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी हेमंत सिंह, जेई एमआई गिरिजा शंकर यादव, ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार राना, बीओ पीआरडी मधु देवी, ब्लॉक मिशन मैनेजर राघवेन्द्र सिंह सहित ब्लॉक के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### घर में सेंधमारी करके चोरों ने लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिए

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके में घर के पीछे सेंधमारी करके चोरों ने सोना चांदी के जेवरात नगदी सहित लाखों के सामानों पर हाथ साफ कर दिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊंचडीह निवासी कमले कुमार मौर्या का परिवार घर के बाहर सोया था । चोरों ने घर के पीछे सेंधमारी करके कमरों का ताला तोड़कर सन्दूक, अटैची, अलमारी का ताला तोड कर सोने, चांदी के जेवरात हजारों रूपया नगदी और तमाम गृहस्थी के सामान चोरी कर ले गए। सुबह चोरी की घटना का पता चलने पर घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर के चोरों का पता लगाने में जुट गई है। उधर कमलेश कुमार मौर्या ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## तम्बाकू स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए खतरा : डॉ अमित

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** आज समाज में बुजुर्गों, बूढ़ों से ज्यादा हमारी युवा पीढ़ी गुटखा, पान मसाला, तंबाकू , सिगरेट आदि धूम्रपान एवं मादक पदार्थों का लकी होता जा रहा है। जिससे उनके स्वास्थ्य पर घातक असर डाल रहा है। उक्त बातें मंगलवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों में प्रोफेसर डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी के आयोजन में डॉ अमित यादव ने कही। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित युवाओं बुजुर्गों से जोर देकर कहा कि तम्बाकू पूरे जीवनकाल में हमारे ग्रह को प्रदूषित करता है एवं लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। हमारे स्वास्थ्य पर तंबाकू या अन्य मादक पदार्थ धूम्रपान बहुत ही खतरनाक असर डाल रहा है यह एक ऐसा नशा है इसके सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी बहुत ही तेजी से युवाओं में फैल रही है। डॉ अमित यादव ने कहा कि तम्बाकू में निकोटीन नामक पदार्थ पाया जाता है जिसके प्रभाव से नशा करने वाले व्यक्तियों को भूख न लगना व दिमागी असंतुलन बनना, दिमाग में नकारात्मक सोंच उत्पन्न होना आदि से नशा करने वाले लोगों का दिमाग अपना काम करना बंद कर देता है जिसके चलते व्यक्ति धीरे-धीरे पूर्ण रूप से बिना नशे के जीवित नहीं रह पाता और यही नशा व्यक्ति के जीवन को खत्म करने का कारण बन जाता है सही जानकारी ही बचाव का सबसे अच्छा तरीका। इस अवसर पर विशेष रुप से युवाओं को पाऊच बन्द गुटखा, पान मसाला, धूम्रपान आदि नशा मुक्त जीवन को बनाने का शपथ दिलाएगी ताकि आज का हमारा युवा समाज कभी भी नशा की तरफ मुड़कर ना देखें क्योंकि आज का युवा कल का भविष्य है। इस अवसर पर गोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉ दिलीप बंगाली, डॉक्टर अजय मिश्रा, रमेश कुमार, सुरेश कुमार, जगदीश जी, पंडित रामदेव, नीरज पांडे, राजेश कुमार, पिंटू गुप्ता, पंकज आदि लोग उपस्थित होकर नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी हासिल किया।

# प्रोजेक्टर के जरिए समर कैंप में विद्यालयों की दिखी प्रगति

**कौड़िहार ब्लॉक के मलाक हरहर और रामपुर विद्यालय में लगा कैंप, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने कार्यक्रम का किया उद्घाटन, विद्यालय में कार्टून फिल्म, छात्रों द्वारा बनाए गए क्राफ्ट और विद्यालय प्रगति का किया गया प्रदर्शन**

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** विकास खण्ड कौड़िहार में प्राथमिक विद्यालय मलाक हरहर प्रथम तथा प्रथमिक विद्यालय रामपुर में छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खंड शिक्षाधिकारी कौड़िहार ओम प्रकाश मिश्र, ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ राधेकृष्ण, एआरपी प्रभा शंकर, अजमल अमीन अंसारी, गरिमा मेहरोत्रा, नीलू सिंह, अपर्णा त्रिपाठी, वंदना मिश्रा तथा रामपुर की प्रधानाध्यापिका कंचन सिंह, अर्चना, ममता समेत बड़ी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक मौजूद रहे। प्राथमिक विद्यालय मलाक हरहर में शिक्षकों ने अपने विद्यालय में कार्टून फिल्म विद्यालय की प्रगति का प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया। प्राथमिक विद्यालय रामपुर में छात्राओं द्वारा बनाए गए क्राफ्ट का प्रदर्शन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी ने इस नवाचार के लिए विकासखंड के शिक्षकों की तारीफ की। बच्चों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खंड शिक्षाधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा ने विद्यालय की अध्यापिकाओं के कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि अल्प समय में एक बेहतरीन समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी प्रतिभाग किया।




कौड़िहार ब्लाक में बीएसए के साथ बीईओ एआरपी और शिक्षकों की ग्रुप फोटो।




कौड़िहार के रामपुर विद्यालय में कार्यक्रम में शामिल अधिकारी व शिक्षक।

## खबर संक्षेप

### भू-माफिया के करीबी कर्मचारियों की कुंडली खंगलवा रहा पीडीए

**प्रयागराज।** भू-माफिया पर सख्ती के बाद अब प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उन कर्मचारियों की भी कुंडली खंगाली जा रही है। जिनके संबंध भू-माफियाओं से मधुर मिले ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। शासन के निदेर्शानुसार कार्यवाही की जाएगी।पीडीए ने शहर को छह जोन में बांटा है। हर जोन में निगरानी के लिए जोनल अधिकारी, जेई, भवन निरीक्षक और चौकीदार सहित दर्जन भर कर्मचारियों को लगाया जाता है। इसके बावजूद अवैध भवन व प्लाटिंग हो रही है। सबसे अधिक अवैध निर्माण झलवा, कालिंदीपुरम कालोनी, चकिया और कसारी-मसारी में हुआ है। इसके अलावा नैनी, झूंसी और फाफामऊ में भूमाफिया ने अवैध निर्माण किया है। अब पीडीए 15 वर्ष पहले किस जोन में कौन अधिकारी था? वहां अवैध निर्माण कैसे हुआ? उसकी जानकारी एकत्र करके शासन को भेजेगा। पीडीए सचिव का है कहना अवैध निर्माण जिस क्षेत्र में अधिक हुआ है और किस जोनल अधिकारी के कार्यकाल में किया गया है, इसकी जांच कराई जाएगी। कैसे इतने बड़े क्षेत्रफल में निर्माण हुआ इसका भी जवाब मांगा जा सकता है।

**अजीत कुमार सिंह, सचिव- पीडीए**

# बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे पिता की सड़क हादसे में हुई मौत, चाचा गंभीर रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धौरहरा नहर के पास अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार एक अधेड़ की मौत हो गई। साथ ही गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार अपनी बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहा था। वहीं सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई है। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

**बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहा था :** हंडिया कोतवाली क्षेत्र के चकिया गिर्द कोट निवासी जीत लाल बिंद पुत्र स्वर्गीय राम जियावन बिंद अपने चचेरे भाई लाल साहब बिंद पुत्र चिंतामणि बिंद के साथ अपनी बेटी की शादी का कार्ड बांटने के लिए शाहीपुर से देवनी पुर जा रहे थे। जैसे ही वह धौराहरा नहर के पास पहुंचे तभी कटहरा से हंडिया की तरफ आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक चालक उम्र करीब 55 वर्ष टक्कर लगने से नहर में जा गिरा। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लगाने से मौके पर ही मौत हो गई।

**पत्नी समेत बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल :** बाइक सवार साथी लाल साहब बिंद गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डाल 108 एंबुलेंस ने दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया पहुंची जहां पर डॉक्टर ने जीत लाल बिंद को मृत घोषित कर दिया। और गंभीर अवस्था में घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होने पर रोते बिलखते परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंडिया पहुंचे। पत्नी समेत बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक गांव में ही राजगीर का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था।

**बेटी की शादी से पहले उठी पिता की अर्थी :** आपको बता दें कि मृतक जीतलाल बिन्द के 7 बेटियां हैं, जिनमें से दूसरी नंबर बेटी की शादी 11 जून को होनी तय हुई थी। बेटी की शादी का कार्ड बांटने जा रहे पिता की सड़क दुर्घटना में मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बड़ी बहन से कहासुनी होने पर नए पुल से यमुना में छलांग लगाने पहुंची छोटी बहन



पुल की रेलिंग पर बैठकर कूदने का प्रयास करती युवती

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना अंतर्गत मंगलवार को एक युवती के सुसाइड करने के प्रयास का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि युवती नए यमुना पुल की रेलिंग पर पैर लटकाकर बैठी हुई है। लोग उसे सुसाइड नहीं करने के लिए कह रहे हैं। इस बीच कुछ युवक उसे अपनी बातों में उलझाते हैं। तभी दूसरी ओर से एक अन्य युवक फुर्ती दिखाते हुए युवती को रेलिंग से नीचे खींच लेता है।

**बड़ी बहन ने छोटी बहन को लगाया गले :** कीडगंज में कलीमुल्ला का घर है। उनके तीन बेटियां हैं। दूसरे नंबर की बेटी रोशनी की अपनी बड़ी बहन से किसी बात को लेकर बहस हो गई। धीरे-धीरे कहासुनी बढ़ती गई। बात इतनी बढ़ गई कि रोशनी घर से किसी को बिना कुछ बताए नैनी के नए यमुना पुल पर पहुंच गई। इसके बाद वह रेलिंग पर चढ़ गई।कीडगंज थानाध्यक्ष राममूर्ति यादव ने बताया कि परिवार वालों को सूचना देकर बुलाया गया। उन लोगों ने रोशनी को प्यार से समझाया। बड़ी बहन ने उसे गले लगाकर ऐसी गलती नहीं करने की बात कही। इसके बाद रोशनी भी मान गई और परिवार वालों के साथ चली गई।



## दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर बुजुर्ग महिला की ट्रेन से कटकर हुई मौत

**मेजा रोड।** मेजा के कठौली गांव के समीप दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन की जोरदार टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे लोगों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मांडा थाना क्षेत्र के सुरवां दलापुर गांव निवासीनी मुनक्का देवी (90) पत्नी स्वर्गीय राजकरन यादव अपने मायके कठौली गई थी। वह मंगलवार दोपहर डाउन लाइन रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय मेजा पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों को जानकारी दिया। इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे मेजा रोड पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक सचिन देव वर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार मे कोहराम मच गया।



सेंट्रल एकेडमी के डायरेक्टर एस के तिवारी छात्र को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते

# समर कैम्प में बच्चो ने जम कर की मस्ती

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** सरायइनायत स्थित सेंट्रल एकेडमी पब्लिक स्कूल आयोजित दस दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को समापन किया गया। समर कैम्प में खेल कूद के साथ कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चो ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। समर कैम्प समापन दिवस के अवसर क्रास फिट, ताइक्वांडो, पाटरी, कैलीग्राफी, सिंगिग, डांसिंग, ड्रामेटिक्स, स्पोकन इंग्लिश आदि कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित संस्था के डायरेक्टर एसके तिवारी ने प्रमाण पत्र देते हुए बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ समर कैंप जैसे आयोजन से बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आनंद पांडेय, ऋचा त्रिपाठी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अभिवावक उपस्थित रहे।

## गंगा में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**प्रयागराज।** जून की शुरूआत के साथ ही गंगा और यूपी में बहने वाली अन्य नदियों में मछलियों के पकड़ने और उनके शिकार पर रोक लगा दी गई है। ये प्रतिबंध 1 जून से 31 अगस्त तक लागू रहेगा। इस दौरान अगर कोई भी नदियों में मछली पकड़ता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीएम नेहा शर्मा ने मंगलवार को इसके आदेश जारी किए।डीएम ने बताया कि यूपी शासनादेश के क्रम में ये आदेश जारी किए गए हैं। कानपुर नगर के अंतर्गत बहने वाली गंगा और पांडु नदी में मछलियां पकड़ने पर रोक लगाई गई है। क्योंकि 15 जून से 30 जुलाई तक मत्स्य प्रजनन का समय होता है। यूपी मत्स्य (विकास एवं नियंत्रण) नियमावली 1954 के नियम 3-ए के तहत गंगा नदी बिठूर, कानपुर से संगम (प्रयागराज) तक मत्स्य बीज और मछली शिकारमाही पर प्रतिबंध लगाया गया है।गंगा में 15 जुलाई से 30 सितम्बर के बीच फ्राई और फिंगरलिंग मछलियों को पकड़ने, नष्ट करने और बेचने पर भी बैना लगाया गया है। बता दें कि मई महीने की शुरुआत में ही गंगा किनारे स्थित हर जिले में 50 लाख से ज्यादा फिंगरलिंग मछलियां प्रवाहित की गई हैं। ये मछलियां गंगा में अशुद्धियों को खाती हैं और नदी का ईकोसिस्टम ठीक करती हैं। ये मछलियां इस अवधि में तेजी से बढ़ती हैं।गंगा किनारे रहने वाले बस्तियों के लोग बड़ी संख्या में मछलियों का शिकार करते हैं।

# हंडिया में दबंगों ने कोटेदार के घर घुसकर किया हमला

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के हंडिया तहसील के सराय ममरेज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नासिर पट्टी गांव के गुप्ता परिवार के एक घर में दबंगों ने जबरन घर में घुसकर तोड़ - फोड़ और मार पीट करने लगे। दबंगों द्वारा घर के पुरुषों पर लाठी ,डंडे, सरिया से हो प्रहार को देख बीच बचाव के लिए महिलाएं सामने आईं तो दबंगों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। दबंगों ने महिलाओं की जमकर पिटाई करते हुए छेड़खानी और लूटपाट की। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

**जन सेवा केंद्र पर बेटे के साथ हुआ था विवाद :**

हंडिया तहसील के प्रतापपुर ब्लॉक के नासिरपट्टी कोताएं गांव के एक कोटेदार हैं। इनका बेटा सहज जन सेवा केंद्र खोलकर आधार कार्ड बनाता है। आधार कार्ड बनाने को लेकर गांव के ही किसी लोगों से कहासुनी हो गई थी, जिससे खुन्नस खाए 6 से अधिक लोगों ने बीती रात कोटेदार के घर में घुसकर लोगों पर अटैक कर दिया। पहुंचते ही कोटेदार और उनके बेटे को लाठी, डंडे, सरिया से पीटने लगे।

**दबंगों ने कोटेदार की दोनों बहुओं को भी पीटा :**

यह देख कोटेदार की दोनों गर्भवती बहुएं सामने आकर विरोध करने लगी। आरोप है कि दबंगई कर रहे दबंगों ने कोटेदार की दोनों बहुओं की भी जमकर पिटाई कर दी और उनके साथ छेड़खानी करते हुए छिनैती और घर में तोड़ फोड़ की। पिटाई से दोनों गर्भवती बहूएं अचेत हो गई। सूचना पर यूपी 112 पुलिस पहुंच कर घायल को सीएचसी प्रतापपुर में भर्ती कराया। जहां गर्भवती महिला की हालत गंभीर देखते हुए शहर अस्पताल रेफर किया गया हैं।

**आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज :**

पीड़ित परिवार ने सुबह भईया राम,अंकित ठाकुर पुत्र नंदू यादव, अमित कुमार पुत्र पारस नाथ, शिव कुमार पुत्र दुलो चंद्र, हरि ओम, मिट्ठू आदि लोगों के खिलाफ नाम जद तहरीर दी। थाना प्रभारी सराय ममरेज अरुदेंद्र त्रिपाठी ने बताया की तहरीर में दिए गए गए आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के 146 चयनितों को कॉलेज आवंटित

**प्रयागराज।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में रसायन विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के 146 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से मंगलवार को कॉलेज आवंटित कर दिए गए। वहीं, बीएड के चयनित अभ्यर्थियों को झटका लगा। उच्च शिक्षा निदेशालय ने उनके कॉलेज आवंटन की प्रक्रिया रोक दी। बीएड से जुड़े मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है, जिसकी वजह से निदेशालय ने अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित नहीं किए।हालांकि निदेशालय ने पहले यही योजना बनाई थी कि 31 मई को बीएड के 112 चयनित अभ्यर्थियों और रसायन विज्ञान विषय के 146 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से कॉलेज आवंटित कर दिए जाएंगे। मंगलवार को ऑनलाइन काउंसलिंग के तहत कॉलेज आवंटन की प्रक्रिया शुरू हुई तो अचानक बीएड के चयनित अभ्यर्थियों को इस प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया।उच्च शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक बीएल शर्मा का कहना है कि कॉलेज आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को कोई दिक्कत न हो, इसी वजह से आवंटन रोका गया है। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग रिजल्ट को लेकर जो भी निर्णय लेगा, उसी के अनुरूप कॉलेज आवंटित किए जाएंगे। दूसरी ओर, रसायन विज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर के 159 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन होना था, जिनमें से 13 पदों का परिणाम उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग ने रोक कर रखा है। बाकी 146 विषय का परिणाम आयोग ने निदेशालय को भेज दिया था और इस आधार पर निदेशालय ने ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से मंगलवार को चयनित अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित कर दिए।इसके साथ ही चयनितों को नियुक्ति पत्र भी ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। निदेशालय की ओर से संबंधित कॉलेजों को नियुक्ति पत्र की सत्यापित हार्ड कॉपी भेजी जाएगी। अभ्यर्थियों को जारी ऑनलाइन नियुक्ति पत्र के मिलान के बाद उन्हें कॉलेजों में नियुक्ति दी जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत देवापुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से मनरेगा/पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत निम्मलिखित कार्यो का बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य हेतु सील बन्द निविदा दिनांक 01–06–2022 से 05–06–2022 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा 06 –06–2022 को 11 बजे निविदादातओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोला जायेगा।

| क्र0 | कार्य का विवरण | स्वीकृत प्राक्लन की धनराशि (श्रम + सामाग्री) | माप (मीटर में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रतिभूति की धनराशि 2 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन का निर्माण | 17.48 लाख | 13 X 9 मीटर | 2 माह | 34960.00 |

टेण्डर/ निविदा की शर्ते :– 1. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत द्वारा ही ठेकेदारी का वैध प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा। निविदा के साथ पैनकार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस.टी से सम्बन्धित व्यापार कर के पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 2. टेण्डर/निविदा फार्म का मूल्य 300 रूपये है। निविदा के साथ 100 रूपये का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है।बिल आफ क्वान्टिटी निविदा फर्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एवं तदानुसार स्वीकार की जायेगी । 3. टेण्डर/निविदा स्वीकृत होने पर 3 दिन के अन्दर प्रतिभूति की धनराशि ग्राम पंचायत थानापुर के नाम से बंधक करना अनिवार्य होगा तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पर अनुबन्ध करना तथा समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करना आवश्यक होगा । 4. टेण्डर/निविदा से संबन्धित अन्य जानकारियां किसी भी कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 5.टेण्डर/निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताए अद्योहस्तारी को पूर्णत: निहित है ।

अनिल सरोज (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत देवापुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/निविदा/2022-23 दिनांक

अजय कुमार राना ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देवापुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज।




## विश्व तम्बाकू दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

**मेजा रोड।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस नो टोबैको डे पर 16 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेट ने जागरूकता रैली निकाली । इसमें शामिल कैसेट में समूचे बाजार में भ्रमण कर तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। मंगलवार को बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज से एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप सिंह व प्रधानाचार्य दीपक कुमार पांडे के नेतृत्व में विश्व तंबाकू दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। कैडेट स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर चल रहे थे जिन पर तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के प्रति सचेत किया गया था। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कुलदीप सिंह ने कैडेटो से संकल्प लिया कि वे तंबाकू का सेवन कदापि नहीं करेंगे और समाज ऐसे दूसरे लोगों को भी तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करेंगे। प्रधानाचार्य दीपक पांडे ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों को लेकर कैडेटों को जागरूक किया तथा उन्हें जीवन में तंबाकू न सेवन करने का संकल्प दिलाया। रैली मेजारोड बाजार मुख्य बाजार से पटेल चौराहा सहित समूचे बाजार में भ्रमण कर तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान दर्जनों एनसीसी के कैडेट मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति होने पर रफीक अहमद को दी गई विदाई,सभी ने की सुखद जीवन की कामना

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत कार्यालय शंकरगढ़ में पिछले 37 साल से अपनी सेवाएं दे रहे हेड मोहर्रिर रफीक अहमद सिद्दीकी की विदाई कर सभी ने सुखमय जीवन की कामना की।समारोह में चेयरमैन लल्लू कनौजिया ने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने वाले रफीक अहमद सिद्दीकी कभी भी ड्यूटी पर लेट नहीं पहुंचे, समय पर आना और समय पर जाना उनकी दिनचर्या थी।यह भले ही रिटायर हो गए हों, पर उनकी समयबद्धता और कार्य के प्रति समर्पण हमेशा हम सभी को याद आएगा। नगर पंचायत शंकरगढ़ कार्यालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में चेयरमैन लल्लू कनौजिया ने हेड मोहर्रिर के सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की। अंगवस्त्रम और प्रतीक चिन्ह भेंट कर करते हुए 37 साल की गई सेवा की सराहना की। बताते चलें कि नगर पंचायत कार्यालय के हेड मोहर्रिर रफीक अहमद सिद्दीकी 31 मई को रिटायर हो गए। नगर पंचायत के कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी गई। ईओ सत्येंद्र सत्येंद्र प्रकाश चौरसिया ने भी हेड मोहर्रिर की कार्यकुशलता, समयबद्धता की तारीफ की। मौके पर सभासद सुधा गुप्ता, सभासद सुजीत केसरवानी, लालगोपालगंज से आए लिपिक के. के. बाबू समेत तमाम लोगों ने रफीक अहमद के सुखद भविष्य की कामना करते हुए विदाई दिया। रफीक अहमद सिद्दीकी ने नगर पंचायत शंकरगढ़ दफ्तर में 31 मई 1985 को नायब मोहर्रिर-लिपिक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। उन्होंने 37 साल नगर पंचायत की सेवा की। मूलतः करछना के चंद्रभान का पूरा (हथिगन) के रहने वाले रफीक अहमद सिद्दीकी के पत्नी के अलावा तीन बेटे व तीन बेटियां भी हैं। विदाई समारोह में सभासद सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, लिपिक के. के.बाबू, लिपिक प्रदीप कुमार, प्रियंका गौतम,अमित कुमार, मनीष कुमार केसरवानी, सभासद सुनीता,अरुण सिंह,दीपू शुक्ला, अंशुमान सिंह, सूरज केसरवानी, कौशल कुमार, कमलेश कुमार,,बल्लू केसरवानी,वीरेंद्र सिंह, चिक्की, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।



# कोरांव तहसीलदार के विरुद्ध उच्च न्यायालय में कोर्ट आप कंटेम्ट

**अखंड भारत संदेश**

**लेढियारी।** तहसील कोरांव के तहसीलदार के विरूढ हाईकोर्ट में कोर्ट के आदेशों की अनदेखी किए जाने पर कोर्ट में एक रिट दखिल हो गई है। तहसील कोराव के ग्राम पंचायत भवानीपुर में हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक बड़ोखर की मिली भगत से ग्राम सभा की भूमि, नवीन परती, बंजर, ऊसर, हड़वाड़ी, श्मसान, कब्रस्तान, तालाब, चक मार्ग पर अराजक तत्वों से मिलकर कब्जा करवा लिये जाने का आरोप एक सामाजिक कार्यकर्ता ने लगाया है। जिसके संबंध में कई बार शिकायत ग्राम प्रधान के द्वारा किया जा चुका था,उसके बाद भी भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की गई न तो जमीन को खाली करवाया गया है। उक्त संबंध में एंटी करप्शन कमेटी एलियंस भ्रष्टाचार निर्मूलन समिति प्रयागराज से बीरेन्द्र कुमार मिश्र निवासी ग्राम भवानीपुर, कोरांव, प्रयागराज ने रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 18 नवंबर 2021 को जिलाधिकारी प्रयागराज, उप जिलाधिकारी कोरांव, प्रयागराज को शिकायती पत्र जांच कार्यवाही के लिए दिया गया है। किन्तु भ्रष्टाचार में संलिप्त हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध त्वरित विभागीय कार्यवाही करवाये जाने एक मांग तथा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के साथ-साथ जमीन को खाली करवाया जाने की मांग की थी। इस संबंध में बीरेन्द्र कुमार मिश्र ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार कोरांव से मुलाकात करके भी अवगत कराया गया था,परंतु आला अधिकारियों के द्वारा कोई भी उचित कार्यवाही नहीं की गई। इस संबंध में बीरेन्द्र कुमार मिश्र ने उच्च न्यायालय में वाद संख्या-2235 वर्ष 2021 दाखिल कर दिया है। जिसके संबंध में उच्च न्यायालय ने दिनांक 8 दिसंबर 21 को यह आदेश किए की आदेश दिनांक से 15 दिन के अंदर संबंधित तहसील स्तर के अधिकारी को इस आदेश की जानकारी दिया जाए तथा 25/26 के तहत तहसील में वाद दाखिल किया जाए तथा 2 माह के अंदर इसका निस्तारण भी किया जाय। जिसके संबंध में बीरेन्द्र कुमार मिश्र ने शिकायती पत्र मे जिस जगह पर अतिक्रमण हुआ जहां का सीमांकन कर जमीन को खाली करवाया जाने वाले अतिक्रमित भू खंडों का विवरण भी तहसील अफसरों को प्रस्तुत किया था। किंतु पांच महीने से ज्यादा का समय व्यतीत होने के बाद भी अभी तक अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध व भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है ना तो जमीन को खाली ही करवाया गया है। वीरेंद्र कुमार मिश्र ने एक शिकायती पत्र दिनांक 24 मई 2022 को जब कार्यवाही नहीं की गई तो उच्च न्यायालय में दिनांक 30 मई 2022 को डॉ विशाल कुमार शर्मा तहसीलदार कोराव के विरुद्ध कोर्ट आफ कंटेम्ट की फाइल कर दिया, जो पूरे तहसील में चर्चा का विधय बन गया है। फिलहाल तहसीलदार कोराव के विरुद्ध कई ग्राम सभाओं में ग्राम समाज की जमीनें ग्राम प्रधानों आम नागरिकों द्वारा सिकायतोप्रांत कोई कार्यवाही न किए जाने भू माफियाओं को बढ़ावा दिए जाने के आरोप हैं। और मंडलायुक्त से लेकर राजस्व विभाग यू पी सासन तक शिकायतें की गई हैं। देखना है जिला प्रशासन ऐसे विवादित अफसरों के विरुद्ध क्या कदम उठाता है,या सरकार की मंशा के विपरीत ही कार्य जारी रहेगा। इसी प्रकार राजस्व लेखपालों के ट्रांसफर में तहसीलदार द्वारा रकम ले ले कर मनमाने स्थानों पर तैनाती की शिकायतें प्रकाश में आई हैं।

## गुमराह युवा स्नेचरों को एसएसपी की कड़ी नसीहत

**प्रयागराज।** एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार ने बाकायदा वीडियो जारी कर सभी गुमराह युवाओं को समझाया। साथ ही चेतावनी थी दी कि सोने की चेन, मोबाइल, पर्स आदि छीन कर भागने वाले गुमराह और आपराधिक प्रवृत्ति के नई उम्र के लड़कें इस प्रकार के आपराधिक रास्तों को न अपनाए नहीं तो उनका भविष्य तो खराब होगा ही साथ में परिवार की बेइज्जती भी होगी। उन्होंने कहा कि युवा गर्ल्स फ्रेंड पर पैसे लुटाने और अपने महंगे शौक पूरा के लिए अपराध का रास्ता न चुने। उन्होंने चेतावनी दी और कहा कि छिनैती, लूट और अन्य अपराध करने वालों के साथ कठोर कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मनेथू वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से मनरेगा/पंचम वित्त/15वां वित्त योजना अन्तर्गत निम्मलिखित कार्यो का बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य हेतु सील बन्द निविदा दिनांक 28–05–2022 से 05–06–2022 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा 06 –06–2022 को 11 बजे निविदादातओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोला जायेगा।

| क्र0 | कार्य का विवरण | स्वीकृत प्राक्लन की धनराशि (श्रम + सामाग्री) | माप (मीटर में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | प्रतिभूति की धनराशि 2 प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमृत सरोवर के अन्तर्गत तालाब गाटा संख्या 390 की खुदाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य | 20.60 लाख | — | 2 माह | — |

टेण्डर/ निविदा की शर्ते :– 1. उपरोक्त कार्य हेतु निविदा केवल पंजीकृत द्वारा ही ठेकेदारी का वैध प्रमाण पत्र दिखाने पर व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा। निविदा के साथ पैनकार्ड की छायाप्रति एवं जी.एस.टी से सम्बन्धित व्यापार कर के पंजीयन की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 2. टेण्डर/निविदा फार्म का मूल्य 300 रूपये है। निविदा के साथ 100 रूपये का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है।बिल आफ क्वान्टिटी निविदा फर्म के साथ उपलब्ध करायी जायेगी एवं तदानुसार स्वीकार की जायेगी। 3. टेण्डर/निविदा स्वीकृत होने पर 3 दिन के अन्दर प्रतिभूति की धनराशि ग्राम पंचायत थानापुर के नाम से बंधक करना अनिवार्य होगा तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पर अनुबन्ध करना तथा समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करना आवश्यक होगा। 4. टेण्डर/निविदा से संबन्धित अन्य जानकारियां किसी भी कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 5.टेण्डर/निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताए अद्योहस्तारी को पूर्णत: निहित है।

सुषमा देवी (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत मनेथू वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/निविदा/2022-23 दिनांक

राम बहादुर ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मनेथू वि. ख. सहसों, प्रयागराज।

# गरीब कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रियंका यादव से मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल संवाद

## प्रधानमंत्री कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों ने देखा, लाभार्थियों के खाते में 11वीं किस्त का किया गया हस्तान्तरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम के अन्तर्गत देश स्तर पर प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी एवं व प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का आयोजन जनपद मुख्यालय पर तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार एवं विकास खण्डों में आयोजित किया गया।



पीएम के वर्चुअल संवाद को देखते डीएम डा0 नितिन बंसल।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीए आर0 सी0 शर्मा, डीसी एन0 आर0 एल0 एम0 एन0 एन0 मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा मुदित सिंह, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर पुष्पेन्द्र व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं जन सामान्य ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को देखा एवं सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण और शहरी दोनो), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहीर दोनो), जल जीवन मिशन और अमृत, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजनाओं के लाभार्थी सम्मिलित हुये।

इस दौरान शिमला से प्रधानमंत्री ने देश के 10 करोड़ किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की 11वीं किस्त की धनराशि का आनलाइन माध्यम से हस्तांतरित किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान जनपद प्रतापगढ़ की विद्युत सखी प्रियंका यादव से लखनऊ संवाद किया भी किया। कार्यक्रम में डीसी एन0 आर0 एल0 एम0 ने बताया कि जनपद की 158 विद्युत सखियों ने सक्रिय होकर पास मशीन के माध्यम से 52 लाख 69 हजार 996 रुपए के बिजली बिल की वसूली की है जिसके सापेक्ष विद्युत सखियों ने 1 लाख 16 हजार 648 रुपए का कमीशन प्राप्त किया है। विद्युत सखी प्रियंका यादव द्वारा 10 लाख रुपए तक का बिजली का बिल जमा कराया गया है। कार्यक्रम के दौरान सूचना विभाग द्वारा लाभार्थियों एवं जनसामान्य को मिशन शक्ति फोल्डर एवं उत्तर प्रदेश संदेश पत्रिका का वितरण किया गया।

# प्रमोद तिवारी के राज्यसभा नामांकन के बाद कांग्रेस कार्यालय पर बंटी मिठाईयां

## राजस्थान से प्रमोद तिवारी ने आज भरा पर्चा, समर्थकों में उत्साह



एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते कांग्रेसी।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन पर मंगलवार को राजस्थान से पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी के राज्यसभा का नामाकंन करने पर कांग्रेसजनों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने प्रमोद तिवारी को जीत की अग्रिम बधाई देते हुये कहा कि प्रमोद तिवारी के राज्यसभा सदस्य बनने से देश व प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती प्रदान होगी।

नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि प्रमोद तिवारी के राज्यसभा नामाकंन करने से कार्यकताओं में उत्साह है। डॉ0 नीरज तिवारी ने प्रमोद तिवारी के नामाकंन करने पर कांग्रेस को राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी को बधाई देते हुये कहा आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और कांग्रेस मजबूती के साथ जीत दर्जे करेगी। कार्यक्रम संचालन प्रशान्त देव शुक्ला ने किया। कार्याक्रम में कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी पूर्व अध्यक्ष नरसिंह मिश्रा, कपिल द्विवेदी, रोहित शुक्ला, यमुना प्रसाद पाण्डेय, विजय शंकर तिवारी को इम्तियाक, पशुपति उपाध्याय, विश्वास सिंह, राम अवध यादव, दीपक शुक्ला, मुजीव मकरन्द शुक्ला, सुरेश मिश्रा, दिलीप गौतम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# उच्च सदन में गुजेगी बेल्हा के दो लालों की आवाज

## पार्टी ने कम समय मे ही इमरान पर जताया भरोसा

### प्रमोद की 42 वर्षो की निष्ठा पर जताया विश्वास



इमरान प्रतापगढ़ी।



प्रमोद तिवारी।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इतिहास में पहली बार बेल्हा के दो लालों की आवाज उच्च सदन में गुंजेगी। कांग्रेस पार्टी ने कम समय में ही इमरान पर भरोसा जताते हुए महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया। वहीं प्रमोद की 42 वर्षों की निष्ठा पर विश्वास जताया और उन्हे राजस्थान से राज्यसभा भेजने की तैयारी बनाई है।

जिले के लालगंज तहसील के सिंधौर के रहने वाले मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी का 2019 में कांग्रेस दल में पदार्पण हुआ। पार्टी ने उन्हें मुरादाबाद संसदीय क्षेत्र से लोक सभा का चुनाव लड़ाया हलांकि उसमें इमरान के हाथ पराजय ही लगी, लेकिन पार्टी ने महज तीन वर्ष में ही इमरान पर इतना कायल हुई कि उन्हें महाराष्ट्र से उच्च सदन भेजने के लिए उम्मीदवार बना दिया। जब कि वहीं 30 वर्ष की उम्र में राजनैतिक सफर की सुरूआत करने वाले प्रमोद तिवारी ने 1980-2012 तक रामपुर खास से नौ बार कांग्रेस से विधायक चुने गए। यही नहीं आदर्श विधायक की उपाधि के साथ ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी नाम दर्ज हुआ। 2013 में सपा के सहयोग से प्रमोद उ०प्र० से राज्यसभा के उपचुनाव में निर्विरोध चुने गए। अप्रैल 2018 में कार्यकाल खत्म होने के बाद से अब तक वह अपने राजनैतिक कैरियर में पहली बार विना पद के रहे हैं।

# जगह-जगह शरबत पिलाने व भण्डारे के आयोजन में दिखाई दी भीड़

## तपती धूप में एमडीपीजी कालेज में प्राचार्य ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ के मंगलवार को आज जगह-जगह शर्बत पिलाने व पूडी सब्जी खिलाने का आयोजन किया गया। इस मंगलवार को व्यापारी, शिक्षक व नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर शरबत पिलाने व पूड़ी सब्जी खिलाने का आयोजन किया।



एमडीपीजी कालेज में राहगीरों को शरबत पिलाने प्राचार्य डा0 मनोज मिश्र व हनुमान मदिर पर पूड़ी सब्जी खिलाते बसपा नेता आशुतोष तिवारी।

बाबागंज स्थित हनुमान मंदिर पर बसपा नेता आशुतोष त्रिपाठी ने भण्डारे का आयोजन किया जिसमें हनुमान मंदिर के पुजारी व अन्य लोग मौजूद रहे। भण्डारे में आशुतोष त्रिपाठी स्वयं तथा समर्थक पूडी सब्जी का वितरण कर रहे थे। व्यापारियों तथा एमडीपीजी के प्राचार्य व प्राध्यापकों ने भी निःशुल्क शर्बत पिलाने का कार्यक्रम किया। नगर के एमडी पीजी कॉलेज के गेट पर मंगलवार को तपती धूप में राहगीरों के लिए नाश्ता एवं शरबत की व्यवस्था की गई। शरबत वितरण का शुभारंभ एमडीपीजी के प्राचार्य डॉ मनोज मिश्रा ने हनुमान जी का पूजन करके किया। शरबत एवं नाश्ता वितरण के दौरान डॉ प्रदीप सिंह, डॉ अरुण श्रीवास्तव, डॉ अरुण सहित कई वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में अमित सिंह, पीयूष सिंह सहित कई लोगों ने शरबत वितरण में अपनी भागीदारी दी। यह कार्यक्रम लगभग तीन घंटे तक अनवरत चलता रहा। प्राचार्य डॉ मनोज मिश्र ने बताया कि आपस के सहयोग से शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का यह मानवीय प्रयास काफी सराहनीय है। ऐसे कार्य किए जाते रहना चाहिए।

# बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने किया था शरबत वितरण का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रेलवे स्टेशन परिसर में मंगलवार को शर्बत का वितरण किया गया। पीने वालों की भीड़ स्टाल पर उमड़ी रही। सैकड़ों मुसाफिरों ने मीठे शर्बत का आनंद लिया। स्टेशन पर बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी की तरफ से शर्बत वितरण का आयोजन किया गया था। शर्बत पीने वालों ने तारीफ की। कहा कि बच्चा बैंक की तरफ से परिसर में प्याऊ की व्यवस्था सराहनीय कार्य है। ऐसे कार्य में सक्षम लोगों को भी आगे आना चाहिए। रेलवे कर्मचारियों, टेंपो और रिक्शा चालकों ने भी शर्बत का आनंद लिया। शर्बत वितरण की जिम्मेदारी बच्चा बैंक की तरफ से भरत यादव और उनकी टीम ने संभाल रखी थी। इस कार्य में अजय, जेपी, मल्लन, नीरज शकुंतला, आयुष, शबनम, रज्जब नवाब और शेरू वालेंटियर की भूमिका में नजर आए। बाबागंज में हनुमान मंदिर पर और अग्रवाल समाज द्वारा होटल के निकट जय दुर्गा की तरफ से शर्बत वितरण किया गया।

# एसडीएम के औचक निरीक्षण मे प्रभारी सीडीपीओ तथा एडीओ सहित कई मिले गैरहाजिर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम के औचक निरीक्षण मे ब्लाक परिसर मे स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय मे हडकंप मच गया। मंगलवार को अचानक एसडीएम अरूण सिंह परियोजना कार्यालय आ धमके। यहां एक मात्र मुख्यसेविका पूर्णिमा मिश्रा ही मौजूद मिलीं। प्रभारी सीडीपीओ मनोरमा तथा मुख्य सेविका इन्द्रकली व आशुलिपिक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मी गैरहाजिर पाये गये। परियोजना कार्यालय मे बेतरतीव रखे रिकार्ड व गंदगी को देख एसडीएम ने नाराजगी जतायी। इसी सिलसिले मे एसडीएम ने ब्लाक कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां एपीओ मो. अनीस, एडीओ समाज कल्याण अनुज मौर्य व जेई जगदीश सिंह गैरहाजिर मिले। हालांकि ब्लाक परिसर मे साफ सफाई तथा पीएम कार्यक्रम के प्रसारण को देख एसडीएम ने संतोष जताया। वहीं वीआरसी कार्यालय मे हुए औचक निरीक्षण में सहायक अजय त्रिपाठी भी गैरहाजिर मिले। नगर पंचायत कार्यालय के औचक निरीक्षण मे लाइनमैन भास्कर गैरहाजिर पाये गये। ईओ सुभाषचंद्र सिंह ने एसडीएम को नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। एक ही दिन मे चार कार्यालयों के औचक निरीक्षण से मंगलवार को सरकारी महकमों मे हडकंप का माहौल दिखा।

# सड़क हादसे में शिक्षक भाई हुए गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दवा लेने के लिए घर से निकले दो शिक्षक भाई सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मौजूद लोगों ने दोनों को एंबुलेंस की नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोनों की गंभीरता को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत तरदहा गांव के रहने वाले श्याम शंकर के दो बेटे हैं। दोनों प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। निखिल चित्रकूट जनपद में बतौर शिक्षक नियुक्ति है तो अखिल आसपुर देवसरा विकासखंड में बतौर शिक्षक पढ़ाने का कार्य करते हैं। मंगलवार की सुबह नौ बजे दोनों अपने घर के एक बीमार बच्चे की दवा लाने के लिए दोनों एक बाइक पर सवार होकर पट्टी बाजार जा रहे थे। जैसे ही दोनों तरदहा मोड़ के पास पहुंचे पट्टी की तरफ से तेज रफ्तार से जा रही है वैगनार ने दोनों को टक्कर मार दिया जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। निखिल सिर में गंभीर चोटें आई जिससे खून बहने लगा तो वहीं अखिल के हाथ पर तथा सिर में गंभीर चोट आई।

# रामसहाय सिंह कुंज की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

## सृजना द्वारा अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार एवं चिंतक रामसहाय सिंह कुंज की चतुर्थ पुण्यतिथि सरस कुटीर सगरा में मनाई गई। ज्ञात हो कि कुंज का जन्म सदर तहसील के ग्राम ढेकाही में हुआ था। उन्हें साहित्य और पत्रकारिता से विशेष रूचि थी। सामाजिक विसंगतियों पर उनकी लेखनी बराबर चलती रही।




वरिष्ठ साहित्यकार अनीस देहाती को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कुंज को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि वह साहित्य के दिव्य पुंज थे। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार अनीस देहाती ने कहा कि प्रतापगढ़ के हिंदी साहित्य को समृद्धिशाली बनाने में कुंज का विशेष योगदान है और उन्होंने सृजना द्वारा साहित्यकारों को याद करने की पहल का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि रोशनलाल ऊमर वैश्य ने कहा कि कुंज एक महान विचारक,लेखक एवं चिंतक थे। वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने कुंज के संस्मरणों को साझा करते हुए उन्हीं की पंक्तियां दोहराई कैसे गाऊं तेरी महिमा, शब्दकोश में शब्द नहीं। कार्यक्रम का संयोजन श्रीनाथ मौर्य सरस तथा संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में राधेश्याम दीवाना, विकास हमराही, कुंज बिहारी लाल काकाश्री, शशि मौर्य, सूरज मौर्य आदि रहे। इस अवसर वरिष्ठ साहित्यकार अनीस देहाती का सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

# विश्व धूम्रपान दिवस पर दी गई जानकारी

## गोष्ठी और रैली निकाल कर किया गया लोगो को जागरूक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के सुखराजी देवी बालिका इंटर कॉलेज उडैयाडीह में तरुण चेतना के तत्वाधान में मंगलवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर तंबाकू निषेध पर परिचर्चा व रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परिचर्चा के दौरान संतोष चतुर्वेदी ने कहा कि तंबाकू सेवन से होने वाली भयानक बीमारी से बचने के साथ शारीरिक मानसिक और आदत जैसी समस्या उत्पन्न हो जाती है। भारत में हर वर्ष लगभग 10 लाख लोग तंबाकू के सेवन से मरते हैं इसलिए समाज को आगे आने की जरूरत हैजिससे हमारा परिवार समाज स्कूल एवं बच्चों पुरुषों को नशे की लत से दूर रखने में मदद कर सकता है तंबाकू खाओ मौत को गले लगाओ, नशे को दूर भगाएं सुखी स्वास्थ्य जीवन बनाएं। इसी क्रम में शिव शंकर चैरसिया ने लोगों को तंबाकू के बुरे प्रभाव संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि खाने-पीने की वस्तुएं बेचने वाला कोई भी व्यक्ति तंबाकू नहीं बेच सकता है अगर कोई भी व्यक्ति इसका उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसे जुमार्ना हो सकता है। इस मौके पर चाइल्डलाइन टीम सदस्य मेहताब खान ने बताया कि 18 साल से कम आयु के बच्चे ना तो तंबाकू का सेवन कर सकते हैं और ना ही तंबाकू बेच सकते हैं किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सौ गज के घेरे में तंबाकू की बिक्री व सेवन पर पाबंदी हैअगर कोई भी व्यक्ति इस का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है तो अलग-अलग धाराओं के अंतर्गत 200 रुपये जुमार्ना किया जा सकता है। इस अवसर पर लोगों ने अपने हाथ में तंबाकू हटाओ जीवन बचाओ तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाओ और बीड़ी श्रमिकों को बेहतर सुविधा देने आदि से संबंधित फ्लैश कार्ड लेकर सरकार से कोटपा कानून 2003 की और मजबूत करने की मांग की कार्यक्रम में हकीम अंसारी हरिहरदत्त मिश्रा, मनीष मिश्रा, भीष्म प्रताप सिंह, अंजलि, प्रिया, ओमप्रकाश मौर्य, अशोक पांडे , सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण तथा विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन ने व्यापारियों से किया विचार विमर्श

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत की बाजार लालगंज में चलाए जा रहे अतिक्रमण अभियान को लेकर मंगलवार को तहसील सभागार में व्यापारियों तथा नगरवासियों की बैठक हुई। बैठक मे एसडीएम अरूण सिंह ने व्यापारियों से नेशनल हाइवे लालगंज-प्रतापगढ़ तथा घुइसरनाथ एवं कालाकांकर रोड पर एनएच के नाले से पांच फिट अतिक्रमण न किये जाने को कहा। उन्होने यह भी बताया कि गुरूवार से नगर की बाजार के सभी मार्गो पर निर्धारित मानक के विपरीत मिलने वाले सभी स्थायी व अस्थायी निर्माण ध्वस्त कर दिये जाएंगे। वहीं व्यापारियों ने भी एसडीएम को नगर मे वॉटर एटीएम दुरूस्त कराये जाने, वाहन पार्किग के प्रबन्धन समेत समस्याओं की जानकारियां दी। एसडीएम ने बैठक मे मौजूद ईओ सुभाषचंद्र सिंह को समस्याओं के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये। बैठक मे चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने भी नगरीय व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव रखे।

# चार सुतली बम के साथ युवक गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार की देर शाम पुलिस ने एक युवक को चार सुतली बम के साथ गिरफ्तार किया। सोमवार की देर शाम पट्टी के उपनिरीक्षक वारिज अपने साथी रूपेश कुमार तथा संजय भारद्वाज के साथ गश्त पर थे। भरोखन नहर पुलिया के पास एक आदमी संदिग्ध दशा में दिखाई दिया पकड़ कर पूछताछ करने पर उसने आनाकानी शुरू किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके पास से चार सुतली बम निकला। उसने अपना नाम रामचंद्र वर्मा निवासी उमरडीहा बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुलिस ने दो अदद जिंदा कारतूस तथा एक तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है जिसका नाम आशुतोष तिवारी को सूरज पुत्र राकेश तिवारी निवासी अर्जुनपुर को उप निरीक्षक राहुल कुमार अपने हमराही साथी के साथ गिरफ्तार किया।

# मजदूर की दुर्घटना में मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में दिहाड़ी कर लौट रहे मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। कोतवाली लालगंज के पूरे तिलकराम निवासी देवीदयाल का पुत्र अमर बहादुर वर्मा 30 मंगलवार की दोपहर बाबूगंज की तरफ से दिहाड़ी कर पैदल घर आ रहा था। इस बीच मांदीपुर गांव निवासी शिवा गौतम बाइक से लालगंज आ रहा था। मृतक अमर बहादुर ने बाइक रूकवाकर उससे लिफ्ट मांगी। लालगंज संगम चैराहे के समीप बाबूगंज रोड पर अचानक सामने से आ रही एक कार से बाइक टकरा गयी। इसके चलते अमर बहादुर संतुलन खो बैठा और बाइक से गिर गया। मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और विलाप करने लगे। इधर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया है।

# अवैध तमंचा-कारतूस के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना कुण्डा उप निरीक्षक शिवप्रसाद रावत अपने हमराही के साथ क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम जमेठी के दुखी चैराहा के पास संजय पटेल उर्फ तिन्नी पुत्र हीरालाल नि0 वैष्णो कालोनी कस्बा कुण्डा , काशी पटेल उर्फ कशिया पुत्र बब्बू नि0 मियां का पुरवा, कस्बा कुण्डा व विनोद कुमार सोनकर पुत्र राम बहादुर नि0 कवड़ियागंज थाना कुण्डा प्रतापगढ़ के पास तलाशी के दौरान दो अदद तमंचा 315 बोर व चार अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा।

# घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात उडाये चोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पड़री गांव मे बीते सोमवार की रात शटर का ताला तोडकर अज्ञात चोर हजारों की नकदी, जेवरात व खाद्यान्न उठा ले गये। घटना को लेकर पीडिता ने मंगलवार को अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पड़री गांव निवासी तुलसीराम की पुत्री मीना कुमारी के अनुसार बीते सोमवार की रात अज्ञात चोर उसके मकान मे लगे शटर का ताला तोडकर अंदर घुस आये। चोर घर मे रखी पचीस हजार की नकदी, हजारो के जेवरात व खाद्यान्न उठा ले गये। अगले दिन मंगलवार की सुबह परिजन सोकर उठे तो घर मे सामान बिखरा देख आवाक रह गये। घटना को लेकर पीड़िता मीना कुमारी ने अज्ञात चोरो के खिलाफ लालगंज कोतवाली मे तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### हत्याओं के खुलासे में हॉफ रहे कोखराज थानेदार!

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई हत्याओं के खुलासे में थानेदार हॉफ रहे हैं जांच के नाम पर आए दिन बेकसूर लोगों को गिरफ्तार करना और जुर्म कबूल कराने के बहाने उत्पीड़न कर फिर उन्हें छोड़ देना थाना पुलिस की दिनचर्या बन गई है बालक मऊ गांव में चिकित्सक की हत्या हुई थी जांच के नाम पर कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी चिकित्सक हत्याकांड में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकती है जांच पेंडिंग पत्रावली लेकर इस हत्याकांड को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है जिससे कोखराज थाना पुलिस की हत्याओं के खुलासे में गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है इलाके के लोगों ने चिकित्सक हत्याकांड के खुलासे की मांग पुलिस आला अधिकारियों से की है।

# प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुनने उमड़ी भीड़

## 10 करोड़ से ज्यादा किसानों को 21 हजार करोड़ से अधिक की 11वीं किस्त का बटन दबाकर किया हस्तान्तरण

अखंड भारत संदेश



पीएम उद्बोधन कार्यक्रम में मंचासीन नेता व अधिकारी


पीएम उद्बोधन को सुनने उमड़ी भीड़

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री ने आज शिमला (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 10 करोड़ से ज्यादा किसानों को 21 हजार करोड़ से अधिक की 11वीं किस्त का बटन दबाकर हस्तान्तरण किया तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लोक भवन, लखनऊ में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन कार्यक्रम में किया गया व उपस्थित लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना प्रधानमंत्री द्वारा जनपद के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र लाभार्थियों को भी 11वीं किस्त का हस्तान्तरण किया गया सांसद विनोद सोनकर ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने विगत 08 वर्षों में देश के मजदूर किसान पीड़ित महिलाओं एवं युवाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण विकास एवं उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की है जिसके परिणामस्वरूप आज देश में एक बदलाव एवं नये भारत के निर्माण की शुरूआत हुई है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विगत 08 वर्षों में गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की यथा-प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि अनेक योजनायें शुरू की गयी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं को गरीबों तक पहुँचाने के लिए निरन्तर प्रयास किया जा रहा है इस अवसर पर पूर्व विधायकगण लाल बहादुर संजय गुप्ता व शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, भाजपा जिलाध्यक्षा अनीता त्रिपाठी अध्यक्ष प्रयागराज-कौशाम्बी को-आपरेटिव भूपेन्द्र सिंह जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आईजी ने कड़ाधाम थाने से विवेचना क्राइमब्रांच स्थानांतरित करने का एसपी को दिया निर्देश

**कौशाम्बी।** बैंक से रुपए निकालने के मामले में हेराफेरी और ठगी किए जाने के बाद सैनी कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 379 सन 2017 दर्ज होने के बाद आरोपियों पर विवेचक ने अभी तक विवेचना नहीं पूरी की है इस बीच कई विवेचक बदले जा चुके हैं लेकिन विवेचना के नाम पर मुकदमे में आरोपियों को बचाने का थाना पुलिस द्वारा लगातार प्रयास हो रहा है बताया जाता है कि मुकदमे के आरोपी सपा के खासम खास हैं जिससे सपा के कई कद्दावर नेताओं ने ठगी करने वाले आरोपी को बचाने की सिफारिश की है जिससे पुलिस आरोपी पर विवेचना पूरी नहीं कर पा रही है।

जिस पर पीड़ित कांति देवी पुलिस महा निरीक्षक प्रयागराज से मिली और विवेचक के कारनामों को बताते हुए विवेचना स्थानांतरित करने की मांग किया बीते 5 वर्षों से विवेचना लंबित होने के मामले को पुलिस महा निरीक्षक प्रयागराज ने गंभीरता से लिया है और पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को पत्र लिखकर उपरोक्त विवेचना को कड़ा धाम थाना से स्थानांतरित करते हुए क्राइम ब्रांच से कराए जाने के निर्देश दिया है मामले में यदि निष्पक्ष विवेचना हुई तो आरोपियों की मुसीबत बढ़ सकती है।

# आधा दर्जन लोगों ने परिजनों सहित युवक पर किया हमला

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के पथरा गांव में आधा दर्जन लोगों ने परिजनों सहित एक युवक पर हमला कर दिया है जिससे युवक और उसके परिवार के लोगों को को चोटें आई हैं घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है घटना सोमवार की बताई जाती है।

घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के महबूब व उनके घर वाले अल्लाह से दुआ कर रहे थे यह बात पड़ोसियों को खराब लगी और आधा दर्जन महिला पुरुषों ने एक राय होकर परिवार सहित महबूब वा उसके परिजनों को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए ललकारा महबूब कुछ समझ पाता की आक्रोशित आधा दर्जन लोगों ने महबूब और उसके परिवार के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया है जिससे महबूब को गंभीर चोटें आई हैं और उसके परिवार के लोगों को भी चोट लगी है घायल महबूब को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है खबर लिखे जाने तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है बताया जाता है कि हमला करने के बाद हमलावर फरार हो गए हैं।

# प्रशिक्षार्थी का संस्था ने बाधित कर दिया प्रशिक्षण

## चायल तहसील के चर्चित एक बड़े नेता के कालेज के डायरेक्टर का कारनामा

अखंड भारत संदेश

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** एक चर्चित बड़े नेता के कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थी ने कालेज के डायरेक्टर पर अवैध धन उगाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि अतिरिक्त धन की डिमांड ना पूरी होने पर उसका प्रशिक्षण डायरेक्टर द्वारा बाधित कर दिया है जिससे उसका भविष्य बर्बाद होता दिख रहा है अन्य संस्था से सामान विषय में प्रशिक्षण पूरा कराने का प्रशिक्षार्थी ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है( शिकायतकर्ता अनिल कुमार निवासी देवरी विकासखंड सरसवा का कहना है कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत चायल तहसील क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर स्थित एक चर्चित नेता के कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए नामांकन कराया था 2 महीने तक उसे कालेज की ओर से प्रशिक्षण दिया गया है लेकिन उसके बाद कॉलेज के डायरेक्टर ने उससे अतिरिक्त धन की मांग शुरू कर दी है जिस पर उसने अतिरिक्त धन नहीं दिया है शिकायतकर्ता का कहना है कि डायरेक्टर को अतिरिक्त धन ना देने के बाद उसके प्रशिक्षण को रोक दिया गया है शिकायतकर्ता अनिल कुमार का कहना है कि प्रशिक्षण बाधित कर दिए जाने से उसका भविष्य अंधकार में हो गया है। जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए अनिल कुमार ने कहा कि कालेज के डायरेक्टर पर दंडात्मक कठोर कार्यवाही की जाए मामले में कालेज के चर्चित बड़े नेता से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन मोबाइल फोन ना लगने से उनसे बात नहीं हो सकी है।


अतिक्रमण हटाने पहुंचे नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ पुलिस बल

# बुल्डोजर के साथ निकल पड़ी अतिक्रमण हटाने बाबा की फौज

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जैसा कि इनदिनों मुख्यमंत्री के आदेश अनुसार अवैध कब्जा और सड़क सुरक्षा को देखते हुए चौराहा में अवैध रूप से सड़क की पटरियों पर अवैध कब्जा को हटाने के लिये नगर पंचायत के कर्मचारी व सराय अकिल की पुलिस फोर्स की मदद से फक ीरबाद चौराहे पर सड़को पर लगे चाय की दुकानों के बल्ली उखाड़ दिया गया जिससे सड़क की पटरियां साफ हो सके।और सभी दुकानदारों को हिदायत दिया गया कि वह अपने सीमा क्षेत्र में ही रहे नही तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाकर अपना व्यवसाय करें शुरू : डीडीओ

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रहीं हैं। यह योजना प्रत्येक वर्ग जाति और धर्म के लोगों के लिए संचालित है। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी विजय कुमार ने देते हुए बताया कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की सरकार की प्रतिबद्धताओं के अनुरूप प्रस्तावित परियोजनाओं में लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों में अनुजाति/जनजाति के लाभार्थी न्यूनतम 23 प्रतिशत तथा दिव्यांग लाभार्थियों हेतु 5 प्रतिशत क्षैतिज (होरिजेन्टल) अर्थात अनुजाति/जनजाति मे 5 प्रतिशत एवं सामान्य में 5 प्रतिशत लाभार्थी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत लाभार्थी के चयन हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्र का स्थानीय निवासी हो, कोई भी उद्यमशील व्यक्ति जो अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने में रूचि रखता हो लाभार्थी 01 जून 2022 से 20 जून 2022 तक अपना आवेदन अपने विकास खण्ड कार्यालय मे ऑनलाईन/रजिस्टर्ड डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा कर प्राप्ति रसीद प्राप्त कर सकते हैं। योजना हेतु उन्हीं लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया जायेगा जिनके परिवार के समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 02 लाख रुपए से अधिक न हो। योजना हेतु परियोजना की लागत व्यवसाय क्षेत्र हेतु 02 लाख रुपए तथा सेवा/उद्योग क्षेत्र हेतु अधिकतम 05 लाख रुपए तक ऋण स्वीकृत किया जा सकता है। उन्होंने बताया है कि अधिक जानकारी हेतु अपने क्षेत्र के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालस से किसी भी कार्य दिवस में सूचना प्राप्त कर सकतें हैं।

# नोट पांच गुना करने के चक्कर में लूटा गया किसान

## नोट पांच गुना करने के गिरोह में शामिल हो चुके हैं तमाम लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चांदेराई गांव का एक किसान बैंक ऑफ बड़ौदा पश्चिम सरीरा शाखा में 20 हजार रुपए जमा करने पहुंचा था लेकिन बैंक के अंदर भीड़ अधिक होने पर उसे दो अन्य ग्राहक बैंक के अंदर मिल गए और उन्होंने किसान से कहा कि सहज जन सेवा केंद्र में भीड़ कम होती है और वहां चल कर तुम्हारा रुपया जमा कर देते हैं जिस पर किसान उनकी बातों में आ गया और बैंक से बाहर निकल आया बैंक से बाहर निकलते ही किसान से उन्होंने यह कहा कि तुम हमारा एक लाख रुपए रख लो हम तुम्हारा सहज जन सेवा केंद्र में 20 हजार रुपए की रकम जमा करके आते हैं और जब तुम्हें रसीद दे देंगे तो हमारा एक लाख रुपए वापस कर देना किसान को लालच आ गया कि 20, हजार रुपए के बदले एक लाख रुपए मिल रहा है धोखाधड़ी करने वाले दोनों युवकों से मिले एक लाख रुपए मिलते ही किसान को रुपए पांच गुना होने का लालच आ गया और वह दोनों युवकों का इंतजार करने के बजाए मौके से एक लाख रुपए से भरा झोला लेकर भाग खड़ा हुआ पांच गुना रुपए देख कर नियत तो किसान की भी खराब हो गई थी लेकिन उसके साथ उल्टा हो गया जब किसान घर पहुंच कर उसने झोले में नोट देखा तो उसे एक लाख रुपए की नकली नोट मिली थी तब किसान को ठगी का अहसास हुआ हालांकि इस घटना में ठगी करने वालों से ज्यादा किसान का भी दोष है यदि किसान रुपया पांच गुना करने के चक्कर में ना पड़ता तो उसके साथ ठगी ना होती हालांकि मामले की सूचना पुलिस को दी गई है जानकारी मिलने पर मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची है और बैंक के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है खबर लिखे जाने तक रुपया पांच गुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस नहीं खोज सकी है। जानकारी के मुताबिक कैलाश सिंह पुत्र बच्ची लाल सिंह निवासी चांदे राई मंगलवार की सुबह घर से 20 हजार रुपए लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा पश्चिम शरीरा में जमा करने के लिए बैंक गए थे बैंक में अधिक भीड़ थी उनके पास दो युवक आए और कहा कि सहज जन सेवा केंद्र में रुपए जमा करवा देते हैं वहां भीड़ कम होती है कैलाश सिंह के बैंक से बाहर आते ही दोनों युवकों ने किसान से कहा कि हम तुम्हारा रूपया पांच गुना करवा देंगे और तुम 20 हजार रुपए हमे दे दो जिस पर किसान लालच में आ गया और दोनों युवकों को 20 हजार रुपए की रकम युवकों को दे दिया युवक ने बदले में उसे अपने पास रखें एक लाख रुपए का झोला पकड़ा दिया जिस पर किसान खुश हो कर एक लाख रुपए का झोला लेकर घर पहुंच गया लेकिन घर पहुंचने के बाद किसान को मालूम हुआ कि उसके साथ ठगी हो गई है उसे नकली नोट दी गई है तब किसान ने अपने साथ हुई लूट की तहरीर पुलिस को दी है हालांकि इसके पहले भी जिले में नोट दुगना करने वाले गिरोह के सदस्य सक्रिय थे पुलिस की सख्ती के चलते बीच में कुछ दिन दुगना करने वाले गायब हो गए थे लेकिन पुलिस की ढिलाई के चलते नोट दुगना करने वाले गिरोह के सदस्य फिर सक्रिय है और गिरोह के सदस्यों ने अपने गिरोह में तमाम लोगों को शामिल कर लिया है जो रुपया दुगना करने का झांसा देकर ठगी में लिप्त है इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं गिरोह के सदस्यों पर पुलिस को कठोरता बढ़ानी होगी पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी कर उनके गुनाहों का खुलासा करना होगा जिससे रुपए दुगना करने के लालच में लूटने वाले किसान बच सकेंगे।

### तमंचा कारतूस के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान आपरेशन पाताल के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी चायल के कुशल पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मो० सफुआन उर्फ विल्ला पुत्र मो० शाकिर निवासी लखनपुर थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त मोबीन अहमद पुत्र स्व० यासीनउद्दीन निवासी कुरामुरीदन थाना सैनी को एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिव बाबू यादव पुत्र मंगल यादव निवासी महानंदापूरा थाना मंझनपुर को एक अदद अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार धाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर के पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नीरज पुत्र इन्द्रजीत निवासी गाधीनगर कालोनी थाना मंझनपुर को एक अदद अवैध तमया व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### गिरफ्तारी न होने से हौसला बढ़े आरोपियों ने महिला से की अभद्रता

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के बँधवा राजबर गांव के मजरा बाभन पुरवा गांव के दुक्खू के ऊपर गांव के जितेंद्र आदि ने 10 अप्रैल को लाठी डण्डे से हमला किया था जिससे दुक्खू को चोटें भी आई थी मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिए जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपी जितेंद्र और उसके साथियों को गिरफ्तार नहीं किया है पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से भी की थी लेकिन फिर भी कार्यवाही नहीं हो सकी दुक्खो के ऊपर लाठी डंडे से हमला किए जाने के बाद पुलिसिया कार्यवाही ना होने से जितेंद्र आदि के हौसले बुलंद हैं और आए दिन दुक्खू और उसकी पत्नी के साथ अभद्रता गाली गलौज कर रहे हैं 30 मई को दुक्खू की पत्नी बृजरानी घर के बाहर गली में झाड़ू लगा रही थी इसी बीच जितेंद्र रास्ते से निकलने लगा और बृजरानी को देखकर वह रास्ते मे रुक गया और गाली गलौज अभद्रता करने लगा आरोप है कि जितेंद्र ने कहा कि इनका हाथ पैर तोड़ना पड़ेगा पुलिस हमारा कुछ नहीं कर पाएगी हमारी बात हो चुकी है मामले की शिकायत पीड़ित महिला ने 30 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फिर की है लेकिन उसके बाद भी आरोपी जितेंद्र पर कार्यवाही नहीं हो सकी है सूत्रों की माने तो हल्के के सिपाही आरोपियों को बल दे रहे हैं जिससे आरोपी मनबढ़ हैं और कभी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

### आत्महत्या के दुष्प्रेरण के अभियुक्त को 06 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पर पंजीकृत मुकदमे के अभियुक्त दुर्गा प्रसाद पुत्र रामचन्द्र निवासी ककोढ़ा थाना कोखराज को न्यायालय एडीजे एफटीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 06 वर्ष सश्रम कारावास तथा 17 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया अर्थ दण्ड न देने पर अतिरिक्त 01 वर्ष 09 माह कारावास की सजा सुनायी गयी।

### स्माल फाइनेन्स बैंक में हुई चोरी के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर 26 व 27 मई 2022 की रात को गुलामीपुर स्थित सूर्योदय स्माल फाईनेन्स बैंक प्राइवेट लिमिटेड मे हुई चोरी के प्रकाश में आये दो अभियुक्तगण मो० शमशाद व दिलशाद अहमद पुत्रगण कदीर अहमद निवासी गुलामीपुर थाना सैनी को मजार तिराहा के पास निहालपुर मोड कमासिन में चोरी से सम्बन्धित माल दो अदद इन्वर्टर बैटरी के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान पर आक्रोश

**कौशांबी।** टेलीविजन चैनल पर 25 मई की रात 9:30 बजे न्यूज डिबेट के समय बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा निवासी फिरोजाबाद में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के बारे में आपत्तिजनक बातें कर उनका अपमान किया है उक्त बातें जिले के करारी कस्बे के रहने वाले शोएब मोहम्मद ने कही है उन्होंने कहा कि बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के धार्मिक भावनाओं के विपरीत आपत्तिजनक बयान के चलते मुस्लिम समुदाय के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में मोहम्मद शोएब ने कहा कि लोगों की आस्था पर कुठाराघात कर उनकी भावनाओं पर आपत्तिजनक बयान के चलते धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा कर दो समुदाय में रोष उत्पन्न कराने की बयान बाजी बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा ने किया है जिन्हें कभी मुस्लिम समुदाय के लोग माफ नहीं करेंगे जिस पर जिले के करारी क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद शोएब ने बीजेपी प्रवक्ता के बयान की कड़ी निंदा करते हुए आपत्ति दर्ज कराते हुए थाना करारी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

### चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सेबू पुत्र उस्मान निवासी चमरूपुर महरूपपुर थाना कोखराज को भैरोमीटी जीटी रोड से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल यूपी 73 पी 9774 के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त करण सरोज पुत्र छेदी लाल निवासी वार्ड न० 01 नेता नगर भरवारी थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त राजा शुक्ला पुत्र विजय शुक्ला निवासी कुटिया थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नथन पासी पुत्र स्व० सम्मत निवासी गिरिया खालसा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कडाघाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम बली पुत्र छेदी लाल निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाघाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

**गोवध का अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त मो0 अजहर पुत्र स्व० सगीर अहमद उर्फ ननकउआ निवासी उमरी गाव थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### स्वच्छता पेयजल मनरेगा योजनाओ की धज्जियां उड़ाने में लगे दानपुर प्रधान

**कौशाम्बी।** सरसावा बिकास खण्ड के दानपुर ग्राम सभा अन्तर्गत ही सभी परेशानी का सामना आखिर ग्रामीणों को क्या करना पड़ रहा है,क्या यहाँ का प्रधान सिर्फ वोट की राजनिति कर प्रदेश सरकार की धज्जियां उडाता है बात चाहे स्वच्छता या पेयजल या मनरेगा की सब योजनाओ मे ग्राम प्रधान सुमित कुमार नकारा और असफल हुआ यहाँ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुल्डोजर और ग्राम्य विकास मंत्री और उप मुख्यमंत्री का कानूनी हंटर और स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री का दौरा दूर दूर तक कँही नजर नही आता। बार बार प्रतिदिन आये दिन दानपुर ग्राम प्रधान की नकारी और असफलता दिखती है बात चाहे स्वच्छता मामले मे टूटी आर सी सी सड़क वो भी नालियों से भरी हो या बिगडे. नलकूप से पेयजल की समस्या हो चाहे मनरेगा मे मजदूरो का पेट काटकर जे सी बी लगाकर सहयोगियो सहित पैसा गमन करना हो इन सबका जिम्मेदार आखिर कौन।आखिर यहाँ इस प्रधान पर मुख्यमंत्री योगी का बुल्डोजर और उप मुख्यमंत्री व ग्राम्य विकास मंत्री का कानूनी हंटर कब चलेगा दानपुर गांव में अव्यवस्था के बोलबाला के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मजबूर और असहाय नजर क्यो आते है।।

# सिराथू तहसील परिसर में बाइक चोर गिरोह सक्रिय

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू तहसील परिसर और सिराथू कस्बे में लंबे समय से बाइक चोर गिरोह के सदस्य सक्रिय हैं आए दिन सिराथू तहसील पर और कस्बे से बाइक चोरी हो जाती है लेकिन जांच के नाम पर स्थानीय पुलिस औपचारिकता निभाने तक सीमित रह जाती है बाइक चोर गिरोह पर पुलिस शिकंजा क्यों नहीं कस रही है स्थानीय पुलिस की उदासीनता के चलते बाइक चोर गिरोह के सदस्यों के हौसले बुलंद हैं तहसील परिसर में लगा सीसीटीवी कैमरा भी मजाक बनकर रह गया है कैमरे में गिरोह की करतूत नहीं कैद हो रही है जिससे तहसील की व्यवस्था पर भी सवाल है मंगलवार को फिर तहसील परिसर से एक अधिवक्ता की बाईक चोरी हो गई है काफी खोजने के बाद भी बाइक नहीं मिल सकी मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है घटनाक्रम के मुताबिक अधिवक्ता बृजेश मिश्रा अपाचे बाइक से सिराथू तहसील पहुंचे थे और अपनी बाइक खड़ी करके वह काम से चले गए लेकिन जब वापस लौटे तो तहसील परिसर में उनकी बाइक नहीं थी उन्होंने बाइक की खोजबीन की लेकिन काफी खोजबीन के बाद बाइक का पता नहीं लग सका तहसील परिसर से अधिवक्ता की बाइक चोरी हो जाने के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया है और सीसीटीवी कैमरे खंगालने का प्रयास किया गया लेकिन तहसील परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी घटनाओं का प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं तहसील के सीसीटीवी कैमरे केवल शोपीस बनकर रह गए हैं तहसील और सिराथू परिसर से आधा दर्जन बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने में चोर गिरोह सफल हो चुके हैं।

संपादकीय

# आठ सालः मोदी के क्रांतिकारी फैसले

**पिछले** 75 साल में भारत में 14 प्रधानमंत्री हुए। उनमें से पांच कांग्रेस के और 9 गैर-कांग्रेस के हुए। इन गैर-कांग्रेस प्रधानमंत्रियों में यदि सबसे लंबा कार्यकाल किसी प्रधानमंत्री को अभी तक मिला है तो वह नरेन्द्र मोदी को ही मिला है। उन्होंने आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं और अपनी शेष अवधि पूरी करने में भी उन्हें कोई आशंका नहीं है। यह भी असंभव नहीं कि वे लगातार तीसरी अवधि भी पूरी कर डालें। यदि ऐसा हुआ तो जवाहरलाल नेहरू के बाद वे ऐसे पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे, जो लगातार सर्वाधिक अवधिवाले प्रधानमंत्री कहलाएंगे। भारतीय लोकतंत्र के विपक्ष की यह बड़ी उपलब्धि होगी। हमारे कई पड़ोसी देशों में भी इतने लंबे समय तक राज करनेवाले नेता नहीं हुए हैं। लेकिन मूल प्रश्न या सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि आप कितने साल तक गद्दी पर बैठे रहे? उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि आपने अपने राष्ट्रोत्थान के लिए बुनियादी काम किए या नहीं? आपने क्या ऐसे काम भी किए हैं, जिन्हें इतिहास याद रखेगा? इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाने की भयंकर भूल की। लेकिन उन्हें याद किया जाएगा- परमाणु परीक्षण, सिक्किम के विलय, पंजाब पर नियंत्रण और सबसे ज्यादा बांग्लादेश के निर्माण के लिए। उनके गरीबी हटाओ का नारा सिर्फ चुनाव जीतने का हथकंडा बनकर रह गया लेकिन उनकी कार्यप्रणाली कुछ ऐसी रही कि भारत के लगभग सारे राजनीतिक दल उनकी देखादेखी प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों में बदल गए हैं। अब क्या नरेन्द्र मोदी इस ढर्रे को बदल पाएंगे या और अधिक मजबूत करके छोड़ जाएंगे? इस ढर्रे पर चलकर पार्टियों के आंतरिक लोकतंत्र की बलि तो चढ़ती ही है, राष्ट्रीय लोकतंत्र के लिए भी खतरा पैदा हो जाता है। इसी तरह भारत की आर्थिक प्रगति भी सभी प्रधानमंत्रियों के काल में लंगड़ाती रही है। जो चीन अब से 50 साल पहले हमसे पीछे था, उसकी आर्थिक शक्ति हम से पांच गुना ज्यादा हो गई है। कहां वह और कहां हम? विश्व गुरु गुड़ चूस रहा है और चेला शक्कर के मजे ले रहा है। पिछले आठ साल में मोदी सरकार ने आम आदमी को राहत देने के अभूतपूर्व काम किए हैं। उन सबको यहां गिनाना संभव नहीं है लेकिन ये तो तात्कालिक सुविधाएं हैं।

असली प्रश्न यह है कि शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के मामले में क्या कोई बुनियादी काम पिछले आठ साल में हुआ है? नौकरशाहों के दम पर आप राहत की राजनीति तो कर सकते हैं लेकिन क्रांतिकारी परिवर्तनों के लिए आपके पास अपनी मौलिक दृष्टि भी होनी चाहिए या दृष्टिसंपन्न लोगों के साथ नम्रतापूर्वक संवाद करने की कला भी आपके पास होनी चाहिए। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत कई नए बुनियादी कदम उठा सकता था, लेकिन न तो अभी तक वह पड़ोसी राष्ट्रों के संघ-दक्षेस को ठप्प होने से रोक सका और न ही उसके पास कोई ऐसी विराट दृष्टि दिख रही है, जिसके चलते वह पुराने आयावर्त्त के डेढ़ दर्जन राष्ट्रों का कोई संघ खड़ा कर सके। महाशक्तियों से उसके संबंध काफी संतुलित हैं लेकिन भारत स्वयं कैसे महाशक्ति बने, इस दिशा में भी ठोस प्रयत्नों की जरूरत है।

# पंजाब में बिगड़ती कानून व्यवस्था

राजेश माहेश्वरी

**राज्य में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि राज्य में पांच सौ से अधिक सदस्यों वाले करीब सत्तर गिरोह आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, जिनमें से करीब तीन सौ गुर्गे विभिन्न जेलों में बंद हैं। लेकिन यदि अपराधी जेल के भीतर रहकर भी अपराधों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं तो यह पंजाब व अन्य राज्यों के जेल अधिकारियों की लापरवाही को ही उजागर करता है**

**सिंगर-एक्टर** से राजनेता बने सिद्धू मूसेवाला की गैंगस्टरों द्वारा गोलियों से निर्मम हत्या करने की घटना राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था का पदार्फाश करती है। वहीं मूसेवाला की हत्या पंजाब में फल-फूल रही गैंगस्टर संस्कृति की डरावनी तस्वीर भी पेश करती है। वहीं हाल ही के वर्षों में गैंगस्टरों द्वारा बिना किसी डर के अपने घातक इरादों को अंजाम देने से पैदा हुए संकट को भी दशार्ती है। पंजाब में सत्ता परिवर्तन के बाद से कानून व्यवस्था के मोर्चे पर नित नई चुनौती पेश आ रही हैं, और विडंबना यह है कि प्रदेश सरकार कागजी कार्रवाई और बयानबाजी से आगे बढ़ नहीं पा रही है। मशहूर युवा गायक सिद्धू मूसेवाला की बीती 29 मई को मानसा जिले के जवाहरके गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ये हत्याकांड तब हुआ है जब पंजाब सरकार ने दो दिन पहले ही मूसेवाला समेत 424 वीआईपी लोगों की सुरक्षा वापस ले ली थी। पंजाब सरकार इस हत्याकांड के बाद जरूर एक्टिव हुई हो, लेकिन राज्य में सरकार के गठन के ढाई महीने के भीतर कई हत्याओं ने कानून-व्यवस्था के मोर्च पर कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सिद्धू मूसेवाला की हत्या में पंजाब पुलिस प्रथम दृष्टया दो कुख्यात गिरोहों की प्रतिद्वंद्विता को जिम्मेदार मानकर चल रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मूसेवाल की हत्या की साजिश दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टरों ने रची है। यह भी दावा किया जा रहा है कि हत्या के तार वर्ष 2021 में एक युवा अकाली नेता की हत्या से जुड़े हो सकते हैं, जिसके प्रतिशोध के चलते ही इस हत्या को अंजाम दिया गया होगा। यहां उस दुर्दांत गैंगस्टर की कारगुजारियों की जांच की जरूरत महसूस की जा रही है जो जेल की सलाखों के पीछे से गंभीर वारदातों को अंजाम देता रहा है। बताया जाता है कि वह भारत व विदेशों में स्थित भारत विरोधी ताकतों के हाथ में खेल सकता है जो दरअसल, पंजाब में गड़बड़ी फैलाना चाहते हैं। यही वजह है कि पुलिस इस कांड में विदेशी हाथ की दिशा में भी जांच में जुटी है। पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजों के दो दिन बाद ही फिरोजपुर में एक दलित कांग्रेस कार्यकर्ता की पिटाई हुई थी। इसका आरोप आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं पर लगा था। हमले के करीब दो हफ्ते बाद 29 मार्च को कार्यकर्ता





इकबाल सिंह की अस्पताल में मौत हो गई थी। इकबाल सिंह की मौत के बाद कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू उनके परिवार से मिले थे और भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने इस हत्या के लिए सीधे-सीधे आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को जिम्मेदार ठहराया था। गुरदासपुर के फुलरा गांव में 4 अप्रैल को खुलेआम गोलीबारी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जमीन विवाद के कारण ये गोलीबारी दो गुटों में हुई थी। जिसमें सरपंच के पति सुखराज सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। 6 अप्रैल को पटियाला में एक यूनिवर्सिटी के बाहर कबड्डी खिलाड़ी धरमिंदर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया था कि धरमिंदर को आपसी दुश्मनी के कारण गोली मारी गई थी। अमृतसर के नांगली गांव में 25 अप्रैल की रात 12वीं के एक छात्र की गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने बताया था कि 17 साल के विजय सिंह को उसके दो दोस्तों ने ही गोली मारी थी। पंजाब के मोहाली में इंटेलिजेंस दफ्तर पर हुए आरपीजी अटैक का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है। बीती तेरह मई की एक खबर के अनुसार पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गायक कलाकारों को बंदूक और नशा संस्कृति प्रमोट न करने का आह्वान किया था। गायकों को आज की युवा पीढ़ी अपना रोल मॉडल मानती है। मान ने उन्हें पंजाब की संस्कृति को प्रमोट करने की अपील की। भगवंत मान ने कहा कि यदि ऐसा न किया गया तो सरकार सख्ती भी करेगी। मुख्यमंत्री ने ऐसी अपील पुलिस अधिकारियों से मिले फीडबैक के आधार पर की है। उसका मानना है कि भड़काऊ गीतों की वजह से पंजाब में हथियारों और नशे का चलन बढ़ रहा है। समय-समय पर पुलिस द्वारा चलाये गये अभियानों में कुछ गैंगस्टर मारे गये, वहीं आपसी प्रतिद्वंद्विता के चलते भी कई अपराधी मारे जा चुके हैं। लेकिन उनके नक्शेकदम पर चलने वाले दूसरे अपराधी इन गिरोहों में में शामिल हो जाते हैं दरअसल ये अपराधी तत्व हत्या, जबरन वसूली, हथियारों की तस्करी और मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त जैसे गैर-कानूनी कार्यों में लिप्त रहते हैं। विभिन्न प्रकार के अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों का गठजोड़ स्थिति को गंभीर बना रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के कुछ समय बाद ही मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस उद्देश्य से लक्ष्य के लिये समर्पित विशेष पुलिस इकाई के गठन के आदेश भी दिये थे। दरअसल, राज्य में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स को एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि राज्य में पांच सौ से अधिक सदस्यों वाले करीब सत्तर गिरोह आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, जिनमें से करीब तीन सौ गुर्गे विभिन्न जेलों में बंद हैं। लेकिन यदि अपराधी जेल के भीतर रहकर भी अपराधों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं तो यह पंजाब व अन्य राज्यों के जेल अधिकारियों की लापरवाही को ही उजागर करता है। जिसके चलते गिरोह के सदस्य बंदूक संस्कृति का सोशल मीडिया के जरिये महिमामंडन में लगे रहते हैं। जिसका मकसद अपने गिरोहों में भटके हुए नये युवाओं को शामिल करना होता है। इस बात के तमाम सबूत कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मिले भी हैं। इस चुनौती से मुकाबले के लिये पुलिस व अन्य खुफिया एजेंसियों को मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके लिये अन्य राज्यों की पुलिस से बेहतर तालमेल करने की जरूरत है। वहीं पंजाब में गैंगस्टरों के खतरे को देखते हुए पार्टी स्तर से ऊपर उठकर दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति दिखाने की भी जरूरत है। इस कार्य में केंद्र सरकार की भी मदद ली जानी चाहिए ताकि दूसरे देशों में सक्रिय पंजाब के गैंगस्टरों के प्रत्यर्पण के लिये दूसरे देशों पर दबाव बनाया जा सके। मूसेवाल की हत्या को लेकर राजनीतिक टिप्पणियां सामने आई हैं। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी की सरकार की इस बात को लेकर आलोचना की जा रही है कि उसने हमले के आसन्न खतरे को नजरअंदाज करके सिद्धू मूसेवाला की सुरक्षा में कटौती की थी। कहा जा रहा है कि गैंगस्टरों द्वारा पेश की गई चुनौती की व्यापकता का आकलन करने में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने दो दिन पहले सभी वीआईपी लोगों से सरकारी पुलिस सुरक्षा हटाकर आम जनता के लिए उसे प्रयोग करने का ऐलान किया था। विपक्षी दलों ने इस हमले को लेकर मान सरकार की आलोचना की है। मुख्यमंत्री ने दोषियों को न बख्शने का ऐलान किया है। सरकार को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से समस्या दूर होने के बजाय अधिक उलझ सकती है। राज्य की पहली प्राथमिकता शांति व स्थिरता कायम करने की होनी चाहिए। पंजाब में खालिस्तान की मांग के चलते कितने काले दिन देखे हैं, ये किसी से छिपा नहीं है। सभी राजनीतिक दलों और जनमानस का यही प्रयास हो कि ऐसी स्थितियां राज्य की जनता को फिर से न देखनी पड़ें।

हमें हमेशा याद रखना होगा कि पंजाब की सीमा हमारे दुश्मन मुल्क पाकिस्तान से लगती है, और वो कभी नहीं चाहता है कि भारत में शांति का माहौल रहे। अंदरूनी शरारती तत्वों की साथ ही साथ बाहरी दुश्मनों से भी लड़ने की दोहरी चुनौती पंजाब सरकार के सामने है। ऐसे में अधिक सक्रियता, सख्ती और सूझबूझ से प्रदेश में विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाया जा सकता है।

# वीर सावरकर की राष्ट्र साधना

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**आजादी** के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम के अनेक उपेक्षित प्रसंग सामने आए हैं । वीर सावरकर को स्वतंत्रता के बाद सुनियोजित रूप में उपेक्षित रखा गया । देश के प्रति उनका समर्पण भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा देने वाला रहा है । लेकिन इससे लोगों को वंचित रखा गया । उनका राष्ट्रवाद उच्चकोटि का था । उसमें भारतीय विरासत के प्रति स्वाभिमान था । भारत की श्रेष्ठता गौरव का विषय रहा है । उन्होंने इसे अभिव्यक्त करने में कभी संकोच नहीं किया । यहह बात उस समय के अनेक नेताओं को पसन्द नहीं थी ।वीर सावरकर उन लोगों मे थे जो भारत को स्वतंत्र कराने के साथ ही शक्तिशाली और स्वाभिमान राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित करना चाहते थे । उनको देश की दशा विचलित करती थी। भारत कभी विश्वगुरु के रूप में सम्मानित था ।उनका कहना था कि व्यक्ति में एक दैवीय तत्व होता है। इसके लिए उसे धर्म के अनुरूप आचरण की स्वतंत्रता होनी चाहिए। विदेशी दासता में यह संभव नहीं है। अतः उनसे मुक्ति पहली आवश्यकता है। उन्होंने द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-1857ह्व लिखी। इसमें उन्होंने देश का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम प्रमाणित किया। अंग्रेजों ने इसे मात्र विद्रोह बताया था । इसके बाद वामपंथी इतिहासकार भी अंग्रेजों की बात को ही आगे बढ़ाते रहे । इस प्रसंग से ही वीर सावरकर और वामपंथी रुझान वाले लोगों के बीच अन्तर को समझा जा सकता है। सावरकर में राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना थी । वामपंथी रुझान के लोग स्वाभिमान विहीन थे । वीर सावरकर 1911 से 1921 तक अंडमान जेल में रहे। इसके बाद उन्हें फिर तीन वर्ष की सजा मिली । अंग्रेज उनसे घबराते थे। सावरकर एक मात्र ऐसे भारतीय थे जिन्हें एक ही जीवन में दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। काला पानी की कठोर सजा के दौरान उनको अनेक यातनाएं दी गईं। अंडमान जेल में उन्हें छह महीने तक अंधेरी कोठरी में रखा गया। योगी आदित्यनाथ ने भारत विभाजन की त्रासदी के संदर्भ में वीर सावरकर और मुहम्मद अली जिन्ना का उल्लेख किया। वीर सावरकर अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे। दूसरी तरफ जिन्ना विभाजन के खलनायक थे । वीर सावरकर राष्ट्र प्रथम और सर्वोच्च समझते थे । उनकी इस नीति को अपनाया गया होता तो देश विभाजन की त्रासदी से बच जाता। देश आतंकवाद, अलगाववाद जैसी समस्याओं से सुरक्षित रहता । पाकिस्तान का निर्माण हुआ । यह भारत के लिए स्थाई समस्या है । कश्मीर का विवाद आजादी के बाद से चल रहा है । नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर में संवैधानिक सुधार किए। इससे समस्या का बड़ी सीमा तक समाधान हुआ है । उनके विचारों से असहमत सभी राजनीतिक पार्टियां जम्मू-कश्मीर में यथास्थिति कायम रखना चाहती थीं । इन्होंने जम्मू-कश्मीर में संवैधानिक सुधारों के विरोध में जमीन आसमान एक कर दिया था । इनके और पाकिस्तान के बयानों में गजब की समानता दिखाई दे रही थीं । वीर सावरकर का कहना था कि पाकिस्तान आएगा-जाएगा लेकिन हिन्दुस्तान हमेशा रहेगा। इसका मतलब था कि पाकिस्तान का जन्म हुआ है । जिसका जन्म होता है, उसका अंत प्रकृति का नियम है । भारत शाश्वत रचना है। यह सर्वदा रहेगा । जिन्ना की दृष्टि अत्यन्त संकुचित, संकीर्ण एवं देश विभाजक की थी। वीर सावरकर की दृष्टि सम्पूर्ण भारत की थी। वे कभी अपने मूल्यों और आदर्शों से डिगे नहीं। उनका एकमात्र मिशन भारत की स्वाधीनता था। वीर सावरकर की दिव्य दृष्टि, कृतियां एवं वक्तव्य आज भी भारत को नई दृष्टि दे रहे हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति एवं अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर का निर्माण वीर सावरकर की विचार दृष्टि के अनुरूप है। आज जम्मू और कश्मीर की जनता मुख्यधारा से जुड़ रही है और विकास एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वीर सावरकर ने सनातन धर्मावलम्बियों को हिन्दू शब्द की परिभाषा से परिचित कराया। वीर सावरकर वह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने हिन्दुत्व शब्द दिया। वीर सावरकर की हिन्दुत्व की विचारधारा के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान दृष्टि एवं व्यवहार होना चाहिए तथा देश के संसाधनों पर सबका हक है। सावरकर के विचारों, आदर्शों एवं मूल्यों की प्रासंगिकता वर्तमान में पहले से और भी ज्यादा है। देश एक भारत-श्रेष्ठ भारत की ओर अग्रसर है। मोहन भागवत ने कहा कि हिंदुत्व एक ही है। वह पहले से है और आखिर तक वही रहेगा।

स्वतंत्रता के बाद से ही वीर सावरकर को बदनाम करने की मुहिम चली। राजनाथ सिंह के अनुसार सावरकर के विरुद्ध झूठ फैलाया गया। कहा गया कि वो अंग्रेजों के सामने बार-बार माफीनामा दिए। लेकिन सच्चाई ये है कि क्षमा याचिका उन्होंने स्वयं को माफ किये जाने के लिए नहीं दी थी। महात्मा गांधी ने उनसे कहा था कि दया याचिका दायर कीजिये। महात्मा गांधी के कहने पर उन्होंने याचिका दी थी।

## चिंतन

# कब अपने को खुदा समझना बंद करेंगे सरकारी बाबू

आर.के. सिन्हा

**सरदार** वल्लभभाई पटेल के 21 अप्रैल, 1947 को दिल्ली के मैटकॉफ हाउस में दिए भाषण को कुत्ता प्रेमी आईएएस अफसर संजीव खिरवार और उनकी आईएएस अफसर पत्नी रिंकू डुग्गा ने यदि पढ़ा होता तो वे मनुष्य बने रहते। वे सरकार और जनता के बीच सेतु के रूप में निष्ठापूर्वक काम कर रहे होते। पर उन्होंने निश्चित रूप से सरदार पटेल के उस बेहद अहम भाषण को जाना-समझा नहीं होगा। सरदार पटेल ने आजाद होने जा रहे भारत के पहले बैच के आईएएस और आईपीएस अफसरों को संबोधित करते हुए कहा था कि ह्लउन्हें स्वतंत्र भारत में जनता के सवालों को लेकर गंभीरता और सहानुभूति का भाव रखना होगा ह्व सरदार पटेल ने बाबुओं को स्वराज और सुराज का भी अंतर बताया था। पर संजीव खिरवार ने उस संदेश पर अमल करने की चेष्टा ही नहीं की। संजीव खिरवार और उनकी पत्नी रिंकू डुग्गा के राजधानी के त्यागराज स्टेडियम में अपने पिल्ले को टहलाने के लिए वहां पर प्रैक्टिस करने वाले दर्जनों खिलाड़ियों और कोच को स्टेडियम से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता था। उनके इस अक्षम्य अपराध का उन्हें और उनकी पत्नी को अब सरकारी प्रसाद मिल गया है। दोनों की दिल्ली से बाहर ट्रांसफर कर दिया है। पर एक्शन उन अफसरों पर भी होना चाहिए जो इनकी मदद करते थे, ताकि वे इतने विशाल स्टेडियम में अकेले घूमते रहे। क्या संजीव खिरवार और उनकी पत्नी ने अपने को किसी राज्य का राजा समझ रखा था? बुरा मत मानिए, कुछ आईएएस तथा आईपीएस अफसर अपने को खुदा मानने लगते हैं। इन्हें सिर पर भी चढ़ा कर रखा जाता है। इन्हें महलनुमा भव्य बंगले दिए जाते हैं रहने के लिए। मैंने हाल ही में मेरठ और आगरा में जिलाधिकारी आवासों को बाहर से देखा। उन्हें देखकर समझ आ रहा था कि ये कई-कई एकड़ में फैले हुए हैं। क्या ये इन्हें मिलने चाहिए ? या यह इनके काम करने के लिए जरूरी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 2015 में आईएएस अधिकारियों से कहा था कि वे निर्णय करते समय गरीब से गरीब व्यक्तियों के कल्याण को ध्यान में रखें क्योंकि वे 'सेवा' में हैं, 'नौकरी' में नहीं। संजीव खिरवार के केस ने तूल पकड़ा तो गृह मंत्रालय ने उन्हें और उनकी पत्नी को दिल्ली से तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया।

खिरवार दिल्ली के राजस्व आयुक्त थे। वह दिल्ली के पर्यावरण विभाग के सचिव भी थे। संजीव खिरवार किस मुंह से स्टेडियम को खाली करवाते थे, ताकि वह अपने कुत्ते को टहला सकें। उन पर आरोप था कि वे और उनकी पत्नी कुत्ते को एथलेटिक्स ट्रैक पर ले जाते थे और उनकी वजह से खिलाड़ियों को शाम 6:45 बजे तक स्टेडियम खाली करने के लिए कहा जाता था। कुछ कोच ने बताया कि उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि उस समय तक स्टेडियम खाली कर दिया जाना चाहिए। ये ताजा केस तब हुआ जब देश झारखंड सरकार की खनन सचिव पूजा सिंघल के घोटालों के किस्सों को सुन ही रहा था। उन्हें पिछले दिनों मनरेगा घोटाले में गिरफ्तार कर लिया गया है। अब तक की जांच में पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा को प्रथम दृष्टया मनी लाड्रिंग मामले में संलिप्त पाया गया है। इस बीच, खिरवार और उनकी पत्नी के अनैतिक आचरण ने मध्य प्रदेश कैडर के दो आईएएस अरविंद जोशी और उनकी पत्नी टीनू जोशी की हरकतों की याद दिलवा दी। ये 2011 में सुर्खियों में आये थे। जब आयकर विभाग ने भोपाल स्थित इनके घर पर छापा मारा था। छापे में तीन करोड़ रुपये नकद और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज बरामद हुए थे। दोनों को राज्य सरकार ने बर्खास्त कर दिया था।

उनके पास से 350 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति भी मिली थी। बेशक, संजीव खिरवार और उनकी पत्नी का केस मीडिया की बेखौफ रिपोर्टिंग के कारण सबके सामने आया। सवाल ये है कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार जो सुशासन देने के तमाम बड़े-बड़े दावे करती है, उसे पता ही नहीं चला कि उसका इतना बड़ा अफसर इतने नीच कृत्य में लिप्त है। जब मामला प्रकाश में आया तो अरविंद केजरीवाल ने घोषणा कर दी कि राष्ट्रीय राजधानी में सभी राज्य द्वारा संचालित खेल सुविधाओं को रात 10 बजे तक खिलाड़ियों के लिए खुला रखा जाएगा।

# नेताओं पर कुछ पाबंदी जरूरी

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**संसद की** संयुक्त समिति ने एक आदेश जारी किया है, जिसके कारण अब सांसदों को सिर्फ अपनी एक ही पेंशन पर गुजारा करना होगा। अभी तक एक सांसद को, यदि वह विधायक भी रहा हो और सरकारी कर्मचारी भी रहा हो तो तीन-तीन पेंशन लेने की सुविधा बनी हुई है। हमारे सांसदों को तीन लाख 30 हजार रुपये तो हर महीने वेतन के तौर पर मिलते ही हैं, उन्हें तरह-तरह की इतनी सुविधाएं भी मिलती हैं कि उन सबका हिसाब बाजार भाव से जोड़ा जाए तो उन पर होनेवाला सरकारी खर्च कम से कम 10 लाख रुपये प्रति माह होता है। जबकि भारत के लगभग 100 करोड़ लोग 10 हजार रुपये प्रति माह से भी कम में गुजारा करते हैं। हमारे वे सांसद और विधायक बिल्कुल भोंदू माने जाएंगे, जो सिर्फ अपने वेतन और भत्तों पर ही निर्भर होंगे। राजनीति में आनेवाला हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, उसके लिए यह सरकारी वेतन और भत्ते तो ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। हमारी राजनीति का शुद्धिकरण तभी हो सकता है जबकि हमारे जन-प्रतिनिधि आचार्य कौटिल्य की सादगी का अनुकरण करें या यूनानी विद्वान प्लेटो के दार्शनिक सेवकों की तरह रहें। प्रधानमंत्री ने खुद को ह्यप्रधान जनसेवकह्न कहा है, जो बिल्कुल उचित है लेकिन हमारे नेतागण वास्तव में जनता के प्रधान मालिक बन बैठते हैं। उनकी लूट-पाट और उनकी अकड़ हमारे नौकरशाहों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होती है। वे उनसे भी ज्यादा अकड़बाज और लुटेरे बनकर ठाठ करते हैं। संसदीय समिति को बधाई कि उसने अभी सांसदों की दुगुनी-तिगुनी पेंशन पर रोक लगाई है लेकिन यह काम अभी अधूरा ही है। उसे पहला काम तो यह करना चाहिए कि सांसदों को अपने वेतन और भत्ते खुद ही बढ़ाने के अधिकार को वह समाप्त करे। दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में यह अधिकार दूसरे संगठन को दिया गया है। इसके अलावा जरा यह भी सोचा जाए कि यदि कोई व्यक्ति पांच साल से कम समय तक संसद और विधायक रहे तो उसे पेंशन क्यों दी जाए? क्या सरकारी कर्मचारी और विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों को इस तरह पेंशन मिल जाती है? मेरी अपनी राय तो यह है कि सांसदों और विधायकों को कोई पेंशन नहीं लेनी चाहिए। इसके अलावा यदि विभिन्न राज्यों का हिसाब-किताब देखें तो वहां पेंशन के नाम पर लूट मची हुई है। कई राज्यों में जो विधायक कई बार चुने जाते हैं, उनकी पुरानी पेंशन में नई पेंशन भी जुड़ जाती है।

पंजाब में अकाली दल के 11 बार विधायक रहे प्रकाशसिंह बादल को लगभग 6 लाख रुपये प्रति माह पेंशन मिलती है। आप की मान सरकार इस प्रावधान पर रोक लगा रही है। इसके अलावा विधायकों के और भी कई मजे हैं। देश के सात राज्यों में विधायकों की आय पर आयकर उनकी सरकारें भरती हैं। उन्हें भी सांसदों की तरह निवास, यात्राओं आदि की कई मुफ्त सुविधाएं मिली रहती हैं। जो सुविधाएं जन-सेवा के लिए जरूरी हैं, वे अवश्य दी जाएं लेकिन नेताओं की पेंशन, मोटी तनख्वाह और अनावश्यक सुविधाओं में यदि कटौती कर दी जाए तो हजारों करोड़ रुपये की बचत हो सकती है, जिसका लाभ देश के वंचितों, गरीबों और पिछड़ों को पहुंचाया जा सकता है। आजकल देश के नेतागण अपने विज्ञापन छपाने और दिखाने पर अरबों-खरबों रुपये खर्च कर रहे हैं। इस पर भी तुरंत पाबंदी लगनी चाहिए। **(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)**

# आर्मी अफसर बनाना चाहते थे आर माधवन

**जाने** माने फिल्म अभिनेता आर माधवन का जन्म 1 जून 1970 को जमशेदपुर में हुआ था। माधवन का पूरा नाम रंगनाथ माधवन है ।माधवन के पिता टाटा स्टील में मैनेजमेंट एग्जिक्यूटिव थे और मां सरोज बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर रह चुकी हैं ।बचपन से ही पढाई में होशियार आर माधवन बड़े होकर एक आर्मी ऑफिसर बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने नेवी, आर्मी और एयरफोर्स में ट्रेनिंग भी ली थी। उन्हें महाराष्ट्र के बेस्ट कैडेट का अवॉर्ड भी मिला था। इसके बाद शार्ट टर्म ट्रेनिंग के लिए उन्हें इंग्लैंड जाने का मौका मिला। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था, इसलिए जब आर्मी जॉइन करने का समय आया तो उनकी उम्र 6 महीने कम निकली। वहीं अपनी पढाई पूरी करने के बाद आर माधवन ने कम्युनिकेशन और पब्लिक स्पीकिंग की क्लास लेने लगे। इसी दौरान महाराष्ट्र के कोल्हापुर में उनकी मुलाकात सरिता से हुई। जब सरिता को एयरहोस्टेस की जॉब मिल गई तो वह एक दिन माधवन को थैंक्यू बोलने पहुंचीं। सरिता ने उनसे डिनर के लिए इन्वाइट किया जिसके बाद दोनों की दोस्ती हो गई और जल्द ही ये दोस्ती प्यार में बदल गई ।लगभग आठ साल तक एक -दूसरे को डेट करने के बाद तमिल रीती रिवाजों से माधवन और सरिता ने शादी कर ली। दोनों का एक बेटा वेदांत है। इसी बीच माधवन ने मुंबई में पार्ट टाइम जॉब के तौर पर मॉडलिंग शुरू कर दी। साल 1996 में माधवन ने अपना एक पोर्टफोलियो मॉडलिंग एजेंसी में भेजा जहां से उन्हें ऐड के ऑफर मिलने लगे।

साल 1996 में माधवन ने सुधीर मिश्रा की फिल्म इस रात की सुबह नहीं से फिल्म जगत में कदम रखा। इस फिल्म में वह बहुत ही छोटी सी भूमिका में थे। लेकिन उनकी मासूमियत और खूबसूरत मुस्कान ने हर किसी का ध्यान खींच लिया और इसके बाद माधवन को हिंदी, इंग्लिश, तमिल, तेलुगु आदि भाषाओं की फिल्मों में भी अभिनय करने का मौका मिलने लगा।

## क्या आईपीएल के अगले सीजन में CSK में वापसी चाहते हैं सुरेश रैना, ट्वीट से मचा हंगामा



**नई दिल्ली ।** Indian Premier League 2022 का खिताब गुजरात टाइटन्स ने अपने नाम किया, वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स 10 टीमों में 9वें पायदान पर रहकर प्लेऑफ तक भी नहीं पहुंच पाई। चेन्नई सुपरकिंग्स ने इस सीजन के लिए सुरेश रैना को रिटेन नहीं किया था। सुरेश रैना इस बार मेगा ऑक्शन में उतरे थे, लेकिन किसी भी टीम ने उन पर बोली नहीं लगाई और वह अनसोल्ड रहे। आईपीएल 2022 के दौरान सुरेश रैना कमेंट्री करते जरूर नजर आए। 30 मई को चेन्नई सुपरकिंग्स को रैना की एक पुरानी पारी की याद आई, जिसके जवाब में रैना ने जो ट्वीट किया, उसको लेकर फैन्स में उत्सुकता जग गई है कि क्या वह अगले सीजन के लिए सीएसके में वापसी करना चाहते हैं।2014 आईपीएल के दूसरे क्वॉलिफायर में किंग्स इलेवन पंजाब और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मैच खेला गया था, जिसमें रैना ने 25 गेंद पर 87 रन ठोके थे। उस मैच में रैना ने 12 चौके और छह छक्के लगाए थे।हालांकि सीएसके वह मैच हार गया था। रैना की इस पारी को लेकर सीएसके ने ट्वीट किया, जिस पर रैना ने जो इमोटीकॉन शेयर किया, वह ऐसा था, जैसा कि वह इशारा कर रहे हैं कि सीएसके उन्हें फिर से कॉल करे। इस ट्वीट के बाद फैन्स इस बाद की अटकल लगा रहे हैं कि क्या रैना अगले सीजन में फिर से सीएसके की टीम में वापसी करेंगे?

## IPL 2023 में बदल सकता है राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग का रोल, कुमार संगाकारा ने दिए संकेत



**नई दिल्ली ।** Indian Premier League 2022 रियान पराग के लिए कुछ खास नहीं रहा, जहां वह मैदान पर बैट से कमाल करने में असफल रहे, तो वहीं अपनी कुछ हरकतों के लिए फैन्स के निशाने पर रहे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच में हर्षल पटेल से लड़ाई हो या फिर कैच को लेकर थर्ड अंपायर के फैसले पर उनका रिऐक्शन, इन सब बातों के लिए उन्हें फैन्स ने जमकर ट्रोल किया। इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स के सीनियर खिलाड़ी आर अश्विन को घूरना और युवा क्रिकेटर देवदत्त पडीक्कल पर चिल्लाने जैसी अनचाही बातों के लिए वह खूब चर्चा में रहे। राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट और हेड कोच कुमार संगकारा ने संकेत दिए हैं कि अगले सीजन में रियान की भूमिका राजस्थान रॉयल्स के लिए कुछ बदली हुई नजर आ सकती है।आईपीएल 2022 फाइनल मैच में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मिली हार के बाद संगकारा ने कहा, %मुझे लगता है कि रियान पराग में काफी क्षमता है, और मुझे लगता है कि हम उन्हें बैटिंग ऑर्डर में ऊपर भेजने के बारे में सोच सकते हैं। अगले सीजन से पहले हम इस पर काम करने के बारे में सोच सकते हैं। मैं कोशिश करूंगा कि उसे मिडिल ऑर्डर में ऊपर भेजकर उसके लिए तैयार करूं, ना कि सिर्फ डेथ ओवरों में हिटिंग के लिए उसका इस्तेमाल हो।रियान पराग ने आईपीएल 2022 में कुल 17 मैच खेले और इस दौरान 16.64 के औसत और 138.63 के स्ट्राइक रेट से महज 183 रन बनाए। रियान के बल्ले से इस सीजन में महज एक पचासा निकला। आईपीएल 2008 के बाद यह पहला मौका था जब राजस्थान रॉयल्स फाइनल तक पहुंचा।

## ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने चुनी IPL 2022 की बेस्ट इलेवन, इन खिलाड़ियों की दी टीम में जगह





**नई दिल्ली ।** IPL 2022 का समापन रविवार 29 मई की रात को हो गया। इसके एक दिन बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ब्रैड हॉग ने अपनी बेस्ट प्लेइंग इलेवन का चयन किया है। हॉग ने आईपीएल 2022 की बेस्ट इलेवन में उन खिलाड़ियों को जगह दी है, जिन्होंने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। कंगारू दिग्गज ने आईपीएल के 15वें सीजन की बेस्ट टीम का चयन करते हुए हार्दिक पांड्या को कप्तान चुना है, लेकिन चहल को जगह नहीं दी है।ब्रैड हॉग ने अफनी बेस्ट इलेवन में ओपनर के तौर पर राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर के साथ दिल्ली कैपिटल्स के डेविड वार्नर को जगह दी है, जबकि नंबर तीन पर उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अनकैप्ड इंडियन प्लेयर राहुल त्रिपाठी को रखा है। नंबर चार पर हॉग ने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को जगह दी है, जो इस टीम के कप्तान भी हैं, क्योंकि उन्होंने गुजरात टाइटन्स को पहली बार में ही आईपीएल का खिताब जिताया है।

ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने नंबर पांच के लिए गुजरात टाइटन्स के डेविड मिलर को चुना है, जबकि नंबर 6 पर विकेटकीपर और फिनिशर के तौर पर दिनेश कार्तिक को जगह दी है। सात नंबर पर स्पिनर के रूप में उन्होंने आर अश्विन को चुना है, जबकि 8वें नंबर पर हॉग ने राशिद खान को शामिल किया है। 9वें नंबर पर जसप्रीत बुमराह, 10वें पर हर्षल पटेल और 11वें नंबर पर मोहम्मद शमी को चुना है। पर्पल कैप होल्डर युजवेंद्र चहल को इस टीम में जगह नहीं मिली।

ब्रैड हॉग की **IPL** 2022 की बेस्ट इलेवनजोस बटलर, डेविड वार्नर, राहुल त्रिपाठी, हार्दिक पांड्या (कप्तान), डेविड मिलर, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आर अश्विन, राशिद खान, जसप्रीत बुमराह, हर्षल पटेल और मोहम्मद शमी।

## IPL 2022 में दिखे ये 4 चौंकाने वाले पल, विराट कोहली भी हैं इसका हिस्सा

**नई दिल्ली.** IPL 2022 का समापन एक लाख से ज्यादा दर्शकों की मौजूदगी में हुआ, जब गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। दो महीने तक चले आईपीएल के 15वें सीजन में चार ऐसे पल दिखे, जिन्होंने सभी को चौंका दिया। किसी भी क्रिकेट फैन ने ऐसी उम्मीद नहीं की होगी, लेकिन उनको इन खराब लम्हों से दो-चार होना पड़ा। इन्हीं की बात हम आज करने जा रहे हैं।

**9 बार की चैंपियन टीमें फ्लॉप**



IPL के इस सीजन की जब शुरूआत हुई थी तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स सीजन की अंकतालिका में सबसे आखिरी पायदानों पर होंगी। 5 बार की चैंपियन मुंबई दसवें नंबर पर थी, जबकि चार बार की चैंपियन चेन्नई 9वें नंबर पर थी। मुंबई तो सबसे पहली टीम बनी थी, जो प्लेऑफ की रेस से बाहर हुई थी।

**CSK का कैप्टेंसी ड्रामा**

IPL 2022 से पहले एमएस धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी रविंद्र जडेजा को हैंडओवर कर दी थी, लेकिन जडेजा 8 में से 6 मुकाबले हार गए तो उन्होंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया और फिर से धोनी को कप्तानी सौंप दी गई। हालांकि, धोनी भी टीम की नैया पार नहीं लगा सके और सीएसके को सिर्फ दो ही मैचों में जीत दिला सके।

## पाकिस्तान बनाम वेस्टइंडीज वनडे सीरीज के शेड्यूल में PCB को करना पड़ा बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज का आयोजन जून में होना है, लेकिन इससे पहले इसके कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी को करना पड़ा है। हालांकि, पीसीबी ने इसका कारण नहीं बताया है कि शेड्यूल में क्यों बदलाव किया गया है, लेकिन इस बात से हर एक शख्स इत्तेफाक रख सकता है कि पाकिस्तान में राजनीतिक तनाव है और इसी वजह से वनडे सीरीज की वेन्यू बदली गई है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज रावलपिंडी के बजाय मुल्तान में खेली जाएगी, जहां यह मूल रूप से आयोजित होने वाली थी, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को घोषणा की। हालांकि, पीसीबी ने अपने बयान में आयोजन स्थल में बदलाव का कारण नहीं बताया, लेकिन यह व्यापक रूप से समझा जाता है कि ऐसा देश में चल रहे राजनीतिक तनाव और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के धरने की संभावना के कारण किया गया है। बुधवार से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नाम का धरना किया जाएगा।

ये वनडे सीरीज आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग 2023 का हिस्सा है, जो अब मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में 8, 10 और 12 जून को खेली जाएगा। सीरीज के लिए पाकिस्तान का तैयारी शिविर 1-4 जून तक लाहौर में आयोजित किया जाएगा। वनडे सीरीज के लिए टीम 5 जून को मुल्तान जाएगी। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम 6 जून को इस्लामाबाद पहुंचेगी और चार्टर फ्लाइट से मुल्तान की यात्रा करेगी। इससे पहले कैरेबियाई टीम को नीदरलैंड्स के खिलाफ टी20 सीरीज खेलनी है।

## रामनरेश सरवन ने वेस्टइंडीज टीम के चयनकर्ता के पद से दिया इस्तीफा, इनको मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली ।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रामनरेश सरवन ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पुरुष सीनियर और जूनियर टीम के चयनकर्ता पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उनका कार्यकाल 2024 तक जारी रहना था, लेकिन सरवन ने सोमवार (30 मई) को अचानक फैसला किया कि वे चयनकर्ता के पद से इस्तीफा देंगे। उन्होंने सिर्फ पांच महीने अपने इस कार्यकाल में पूरे किए। नीदरलैंड्स के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से पहले ये ऐलान हुआ है। जब तक क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) रिक्त पद के लिए एक नए उम्मीदवार की भर्ती नहीं करता, तब तक रॉबर्ट हेन्स ने अंतरिम आधार पर सरवन की जगह ले ली है। हेन्स, जो अपने खेल के दिनों में लेग स्पिनर थे, जूनियर पैनल में चयनकर्ताओं में से एक के रूप में भी काम कर रहे हैं। डेसमंड हेन्स सीनियर पुरुष टीम के मौजूदा चयन पैनल के प्रमुख हैं, जबकि मुख्य कोच फिल सिमंस भी इसका हिस्सा हैं।

क्रिकेट वेस्टइंडीज यानी सीडब्ल्यूआई के क्रिकेट निदेशक जिमी एडम्स निराश थे कि रामनरेश सरवन चयनकर्ता के रूप में अपना कार्यकाल जारी नहीं रह पाए, लेकिन उन्होंने इसके कारणों को भी समझा। उन्होंने रामनरेशन सरवन को इस दौरान वेस्टइंडीज क्रिकेट में उनके योगदान के लिए धन्यवाद भी दिया।

# IPL में पांचवीं टीम को लगी RCB की हाय !, राजस्थान रॉयल्स भी हुई इसका शिकार



**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल की जैसे ही शुरुआत होती है तो हर कोई चाहता है कि विराट कोहली वाली टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर यानी आरसीबी इस बार खिताब जीते। हालांकि, 15 सीजन आईपीएल के खेले जा चुके हैं, लेकिन टीम एक भी बार खिताब नहीं जीत पाई है। तीन बार टीम ने फाइनल खेला है, लेकिन तीनों बार टीम हारी है। इतना ही नहीं, हैरान करने वाले आंकड़े ऐसे हैं, जिन्हें आप जानकर चौंक जाएंगे। दरअसल, आरसीबी तो कभी आईपीएल का खिताब जीत नहीं पाई, लेकिन आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने के बाद जिस भी टीम ने आरसीबी को नॉकआउट किया है, उस टीम ने भी आईपीएल की ट्रॉफी उस सीजन में नहीं जीती है। ऐसा एक या दो बार नहीं, बल्कि आईपीएल के इतिहास में अब तक 5 बार ऐसा हो चुका है कि आरसीबी को क्वालीफायर या एलिमिनेटर मैच में हारने वाली टीम फाइनल नहीं जीती है।

सबसे पहले आरसीबी को साल 2010 में मुंबई इंडियंस ने पहले सेमीफाइनल मैच में हराया था और टूर्नामेंट से नॉकआउट किया था। हालांकि, मुंबई को भी फाइनल में चेन्नई से मात मिली थी। ऐसा ही कुछ साल 2015 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ हुआ, जब एलिमिनेटर मैच में सीएसके ने आरसीबी को हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया था। उस साल चेन्नई को फाइनल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

इसके बाद 2020, 2021 और अब 2022 में ऐसा हुआ है कि प्लेऑफ के एलिमिनेटर मैच या क्वालीफायर 2 में हारने के बाद आरसीबी जिन टीमों के हाथों हारकर नॉकआउट हुई, उन टीमों ने भी खिताब नहीं जीता। 2020 में एसआरएच ने आरीसीबी को नॉकआउट किया था और टीम क्वालीफायर 2 में हार गई थी। केकेआर ने 2021 में आरसीबी को नॉकआउट किया था और केकेआर चेन्नई के खिलाफ फाइनल हारी। अब राजस्थान ने क्वालीफायर 2 में आरसीबी को नॉकआउट किया और राजस्थान 2022 का आईपीएल फाइनल हार गई।

## मोमिनुल हक से छिन सकती है बांग्लादेश की टेस्ट कप्तानी, कारण है बहुत ही साधारण



**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टेस्ट कप्तान मोमिनुल हक से पूछा है कि वह कप्तान के रूप में बने रहना चाहते हैं या नहीं, इस पर फैसला खुद करें, क्योंकि कप्तानी आने के बाद से उनकी बल्लेबाजी काफी प्रभावित हुई है। इसके अलावा टीम ने भी उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। मोमिनुल की कप्तानी कम स्कोर के बाद जांच के दायरे में रही है, क्योंकि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछली 15 पारियों में 12.57 के औसत से केवल 176 रन ही बनाए हैं।

हैरान करने वाली बात ये है कि इन 176 रनों में से 88 रन उन्होंने एक पारी में न्यूजीलैंड के खिलाफ माउंट माउंगनुई में बनाए थे। मोमिनुल अपनी पिछली सात पारियों में दो अंकों तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं, उन्होंने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर आखिरी बार 24 रन बनाए थे। मोमिनुल ने बांग्लादेश की कप्तानी करते हुए अब तक 17 टेस्ट में 912 रन बनाए हैं और उनका औसत 31.44 का है, जो टेस्ट क्रिकेट में अच्छा नहीं नजर आता।

वह अपनी कप्तानी के दौरान तीन शतक और दो अर्धशतक बनाने में सफल रहे। इन 17 टेस्ट मैचों में बांग्लादेश ने सिर्फ तीन टेस्ट जीते हैं और दो ड्रॉ रहे हैं, जबकि बाकी 12 मैचों में टीम को हार मिली है। शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में श्रीलंका के हाथों 10 विकेट से शर्मनाक हार के बाद बीसीबी प्रमुख नजमुल हसन ने मोमिनुल के साथ बैठक की। हालांकि, यह उनकी कप्तानी के भविष्य के बारे में किसी ठोस निर्णय के बिना समाप्त हो गई।

क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो नजमुल ने मोमिनुल से अपने भविष्य के बारे में सोचने और उन्हें यह बताने के लिए कहा कि क्या वेस्टइंडीज दौरे से पहले जब वे एक साथ बैठते हैं तो इससे उनकी बल्लेबाजी प्रभावित हो रही है।

बीसीबी क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने संकेत दिया कि बोर्ड कप्तानी पर बने रहने के लिए उन पर कोई दबाव बनाने के लिए तैयार नहीं है, अगर उन्हें लगता है कि इससे उनकी बल्लेबाजी प्रभावित हो रही है।

## FIH विश्व हॉकी रैंकिंग में मिला अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्थान, भारतीय महिला टीम छठे पायदान पर पहुंची



**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व हॉकी रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए छठे स्थान पर पहुंच गई। महिलाओं की रैंकिंग में अर्जेन्टीना (26744.837) की टीम दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया (2440.750), इंग्लैंड (2204.590) और जर्मनी (2201.085) की टीमें क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर बनी हुए हैं। भारतीय टीम (2029.396) ने छठे स्थान पर स्पेन (2016.149) की जगह ली, जो सातवें पायदान पर खिसक गया। स्पेन हाल ही में अर्जेंटीना से अपने दोनों एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 मैच हार गई थी, और बेल्जियम और इंग्लैंड से भी एक-एक हार गई थी। इसके बाद बेल्जियम, न्यूजीलैंड और जापान की टीम शी

भारतीय महिला हॉकी टीम वर्तमान में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 तालिका में 8 खेलों में 22 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत 11 जून, 2022 और 12 जून, 2022 को बेल्जियम के खिलाफ डबल-हेडर में फेस ऑफ होगा। छठे स्थान पर पहुंचने पर बोलते हुए भारतीय महिला हॉकी की मुख्य कोच जननेके शोपमैन ने कहा, ÷एक टीम के रूप में, हमारा लक्ष्य महिला हॉकी में सुधार और विकास करना और लगातार दावेदार बनना है। एफआईएच विश्व रैंकिंग में वृद्धि एक अच्छा संकेतक है कि हम सही ट्रैक पर हैं। उन्होंने कहा कि उसी समय एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग और एफआईएच महिला विश्व कप के साथ, चीजें जल्दी से बदल सकती हैं और इसलिए हमें अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना होगा।भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई। ÷यह पिछले कुछ महीनों में हमारी टीम द्वारा की गई सभी कड़ी मेहनत का परिणाम है। हमने मजबूत प्रतिस्पर्धा के खिलाफ एक टीम के रूप में एक साथ काम किया है और अच्छे नतीजे हासिल किए हैं, और हमें गर्व है कि हम एक यूनिट के रूप में एक साथ बढ़ रहे हैं और सीख रहे हैं।

## महेंद्र सिंह धोनी की तरह अपनी 'कूल' कप्तानी की छाप छोड़ी हार्दिक ने

**अहमदाबाद.** फाइनल मैच खत्म होने के चंद पलों बाद ही हार्दिक पंड्या आईपीएल की ट्रॉफी को यूं प्यार से सहेजते नजर आये मानों कोई पिता अपने बच्चे से लाड़ कर रहा हो। आखिर उनकी कड़ी मेहनत का ही फल था कि गुजरात टाइटंस अपने पहले ही सत्र में इस लोक लुभावनी लीग की विजेता बनी।

हार्दिक को उनकी पत्नी नताशा ने गले लगाया मानों विश्वास दिला रही हो कि बुरे दौर में उनके पीछे खड़ा रहने वाला परिवार अच्छे दिनों में भी उसी तरह उनके साथ है।

अपने हरफनमौला प्रदर्शन से फाइनल में टीम को जीत दिलाने वाले हार्दिक ने कहा ,'' मैं प्यार पर ही जीता हूं जो मुझे अपने परिवार से भरपूर मिलता है।'' चमकीले जैकेट और कान में हीरे के टॉप्स पहनने वाले हार्दिक शुरूआती दिनों में ग्लैमर में डूबे युवा की तरह नजर आते थे लेकिन एक लापरवाह युवा से जिम्मेदार कप्तान बनने तक का उनका सफर उनके जीवट की कहानी कहता है। पत्नी नताशा, बेटा अगस्त्य, भाई कृणाल और वैभव , भाभी पंखुड़ी उनकी ढाल की तरह रहे हैं।

हार्दिक ने कहा ,'' नताशा काफी भावुक है और मुझे अच्छा करते देख बहुत खुश हो जाती है।उसने मेरे कैरियर में काफी उतार चढाव देखें हैं और उसे पता है कि मैने कितनी मेहनत की है।'' उन्होंने कहा ,'' मेरा परिवार मेरी ताकत रहा है। मेरा भाई कृणाल, भाभी पंखुड़ी, दूसरा भाई वैभव। इन सभी नहीं कठिन दौर में भी मुझे मानसिक सकून दिया। मैने फोन किया तो भाई और भाभी दोनों रो पड़े। ये खुशी के आंसू थे। मुझे पता है कि जब तक ऐसे लोग मेरे पीछे हैं, मैं अच्छा खेल सकता हूं।''

महेंद्र सिंह धोनी की तरह शांतचित्त होकर कप्तानी करने वाले हार्दिक को जब गुजरात का कप्तान बनाया गया तो क्रिकेट पंडितों ने टीम को मैदान पर उतरने से पहले ही दौड़ से बाहर मान लिया था।

लेकिन हार्दिक ने हार नहीं मानी थी और मोर्चे से अगुवाई करते हुए 487 रन बनाने के साथ आठ विकेट भी लिये। उन्होंने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैने हमेशा जिम्मेदारी का मजा लिया है। मैं मोर्चे से अगुवाई करना पसंद करता हूं ताकि मिसाल दे सकूं।''

# विदेश संदेश

## भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति विशिष्ट नेतृत्व पुरस्कार से सम्मानित

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति को उनके शानदार करियर और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए 'विशिष्ट नेतृत्व' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इलिनोइस के मंत्री जेसी



व्हाइट ने 48 वर्षीय डेमोक्रेटिक नेता कृष्णमूर्ति को पुरस्कार प्रदान किया, जो 2017 से इलिनोइस के आठवें संसदीय जिले के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। व्हाइट ने पिछले सप्ताह कृष्णमूर्ति को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा, ''आपके शानदार करियर और जनसेवा के प्रति आपके समर्पण को सम्मानित करते हुए मैं आपको अपनी तरह की एक अनूठी व्यक्तिगत लाइसेंस तख्ती पेश करता हूं = 'राजा'।''उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि यह इस प्रांत और हमारे देश के लिए आपकी असाधारण सेवाओं के प्रति हमारे आभार का आपको स्मरण कराती रहेगी। 'विशिष्ट नेतृत्व पुरस्कार' जीतने पर आपको फिर से बधाई।'' कृष्णमूर्ति ने कहा कि व्हाइट जैसे बहुआयामी व्यक्तित्व वाले व्यक्ति से नेतृत्व के लिए पुरस्कार प्राप्त करना वास्तव में सम्मान की बात है। कृष्णमूर्ति का नयी दिल्ली में एक तमिल भाषी परिवार में जन्म हुआ था। जब वह तीन महीने के थे, तब उनका परिवार अमेरिका में जा बसा था।

## जॉनसन की पार्टी के भीतर पार्टीगेट को लेकर बगावती सुर उठे

**लंदन।** ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के भीतर संसद के उन सदस्यों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है, जिन्होंने पार्टीगेट कांड के लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है और पार्टी के नेता बोरिस जॉनसन से प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं।डाउनिंग स्ट्रीट में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन संबंधी कानूनों को तोड़ते हुए पार्टियां करने के मामले गत सप्ताह एक शीर्ष नौकरशाह स्यु ग्रे की जांच रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद से खुलकर आलोचना करने वाले सांसदों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गयी है।

ब्रिटेन के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अटॉर्नी जनरल जेरेमी राइट ने सोमवार को एक बयान में कहा कि जॉनसन को ''इस और भविष्य की सरकारों के भले के लिए'' इस्तीफा दे देना चाहिए।

वहीं, टोरी से सांसद इलियट कोल्बर्न ने कहा कि वह ''सुरक्षा और सफाई कर्मचारियों के खराब बर्ताव के खुलासे से स्तब्ध हैं।'' ग्रे की रिपोर्ट के बाद जॉनसन ने फिर से माफी मांगी और उनकी पार्टी के भीतर ही असंतोष की आवाज तेज हो रही है।

यह खबरें तब आ रही है जब ब्रिटिश मीडिया की खबरों में दावा किया गया है कि जॉनसन की पत्नी कैरी के प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर डाउनिंग स्ट्रीट के फ्लैट में एक अन्य गोपनीय पार्टी के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स समिति के समक्ष पेश होने की संभावना है।

## यूक्रेन में गोलाबारी में फ्रांस के पत्रकार की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के समाचार प्रसारक 'बीएफएम टीवी' ने कहा है कि पूर्वी यूक्रेन में निकासी अभियान को कवर करते समय गोलाबारी में उसके 32 वर्षीय एक पत्रकार की मौत हो गई।'बीएफएम टीवी' ने कहा है कि उसके पत्रकार फ्रेडरिक लेकलेर्क इमहोफ की उस समय मौत हो गई जब वह डोनबास क्षेत्र में सिविएरोदोनेत्सक शहर के पास एक बख्तरबंद वाहन में मानवीय अभियान को कवर कर रहे थे। इस क्षेत्र में यूक्रेन की सेना और रूसी सैनिकों के बीच भीषण जंग जारी है।

पत्रकार फ्रांस के नागरिक थे और पिछले छह साल से चैनल के लिए काम कर रहे थे। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों ने ट्वीट कर पत्रकार इमहोफ को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। मैक्रों ने ट्वीट में कहा कि इमहोफ युद्ध की हकीकत दिखाने के लिए यूक्रेन में थे।

उन्होंने कहा कि लोगों की निकासी के दौरान रूसी सेना की बमबारी के बीच वह हमले के शिकार हुए। फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने हमले में पत्रकार की मौत को 'बेहद दुखद' करार दिया।उन्होंने कहा, ''फ्रांस मांग करता है कि इस त्रासदी के हालात पर प्रकाश डालने के लिए जल्द से जल्द एक पारदर्शी जांच शुरू की जाए।'' इससे पहले, लुहांस्क क्षेत्र के गवर्नर सरहेई हैदई ने टेलीग्राम पोस्ट के जरिए हमले में पत्रकार की मौत की जानकारी दी।

## ब्रिटिश मंत्री ऋषि सुनक की अरबपति पत्नी अक्षता मूर्ति ने बनाए दुनिया के सुपर-अमीरों से व्यापारिक संबंध

**दुनिया ।** यूके के चांसलर ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति (Akshata Murty) ने अपनी निजी निवेश फर्म, कैटामारन वेंचर्स यूके (Catamaran Ventures UK) के माध्यम से दुनिया के कुछ सबसे अमीर परिवारों के साथ अच्छे संबंध विकसित किए हैं. असूचित फाइलिंग से पता चलता है कि मूर्ति का पारिवारिक कार्यालय दारा5 (daraz) का प्रारंभिक समर्थक था, जो ÷अगली पीढ़ी के वैश्विक नेताओं÷ के लिए एक निजी निवेश समुदाय था, जिसे 2019 में कतर के शासक वंश, अल-थानी परिवार के एक सदस्य द्वारा सह-स्थापित किया गया था.




ब्लूमबर्ग की खबर के अनुसार कैटमारन ने द न्यू क्राफ्ट्समेन, एक लक्जरी ब्रिटिश फर्नीचर बाज़ार में भी हिस्सेदारी हासिल कर ली है, जिसके शेयरधारकों में रूपर्ट मर्डोक की बेटी, प्रूडेंस और अल ताजिर परिवार शामिल हैं, जो लंदन के नाइट्सब्रिज जिले में पार्क टॉवर होटल के अमीराती मालिक हैं. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 42 वर्षीय मूर्ति, जो भारत में पैदा हुई थी और अभी भी एक भारतीय नागरिक है, उनके पिता नारायण मूर्ति द्वारा स्थापित सॉफ्टवेयर दिग्गज इंफोसिस लिमिटेड में उनकी हिस्सेदारी के कारण उनकी कुल संपत्ति लगभग 1.2 बिलियन डॉलर है. बंगलौर स्थित कंपनी के शेयरों में 2,000त्न से अधिक की वृद्धि हुई है. मूर्ति को पहली बार 2001 में एक शेयरधारक के रूप में सार्वजनिक रूप से प्रकट किया गया था.

कटमरैन वेंचर्स, बंगलौर में स्थित मूर्ति परिवार की मुख्य निवेश इकाई का नाम है. नारायण मूर्ति फर्म के अध्यक्ष हैं. भारत में इसके लगभग 15 कर्मचारी है. जो ई-स्पोर्ट्स, बीमा और एलन मस्क की स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कार्पोरेशन में फैले 1 बिलियन डॉलर से अधिक की होल्डिंग्स का कार्य देखते हैं.

अक्षता मूर्ति ने LinkedIn पर कैटामारन वेंचर्स को लंदन और बैंगलोर में स्थित एक पारिवारिक कार्यालय के रूप में वर्णित किया है, जो यूके में स्थानीय ब्रांडों पर ध्यान केंद्रित करता है. जिन्हें पूंजी, प्रबंधन विशेषज्ञता और नेटवर्क भागीदारों की आवश्यकता होती है. अक्षता मूर्ति ब्रिटिश शाखा की एकमात्र निदेशक और शेयरधारक हैं.

## क्या कोरोना की तरह वैश्विक महामारी का रूप लेगा मंकीपॉक्स? WHO ने दिया बड़ा बयान

**दुनिया ।** इस समय दुनिया के कई देशों में मंकीपॉक्स के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि क्या मंकीपॉक्स कोरोना वायरस की तरह वैश्विक महामारी का रूप लेगा। हालांकि इसको लेकर अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़ी जानकारी साझा की है।

**मंकीपॉक्स के बारे में अभी बहुत कुछ जानना बाकी**

डब्ल्यूएचओ ने सोमवार को कहा कि उसे अभी इस बात की चिंता नहीं है कि अफ्रीकी देशों से परे मंकीपॉक्स एक वैश्विक महामारी को जन्म दे सकता है। मंकीपॉक्स को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की शीर्ष विशेषज्ञ ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता यह बीमारी एक महामारी का रूप लेगी, लेकिन इसके बारे में अभी बहुत कुछ जानना बाकी है।

**समलैंगिकों को लेकर दी चेतावनी**

उन्होंने कहा कि एक सवाल यह है कि यह बीमारी वास्तव में किस तरह फैलती है और क्या दशकों पहले चेचक टीकाकरण पर रोक लगाए जाने के कारण किसी तरह इसका प्रसार तेज हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की डॉक्टर रोजमंड लुईस ने सोमवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि इस बात पर जोर देना महत्वपूर्ण है कि विश्व स्तर पर दर्जनों देशों में अधिकतर समलैंगिक, उभयलिंगी या पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले पुरुष मंकीपॉक्स के शिकार हुए हैं

## India Pakistan Relation: भारत और पाकिस्तान में गतिरोध खत्म करने को पर्दे के पीछे चल रही वार्ता, जानें इसकी वजह


**इस्लामाबाद।** नई दिल्ली में भारत व पाकिस्तान के बीच सिंधु जल बंटवारे को लेकर आयोजित बैठक के बीच एक पाकिस्तानी अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि गतिरोध समाप्त करने के लिए दोनों देश पर्दे के पीछे बातचीत कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्षो से तनावपूर्ण रहे दोनों देशों के संबंध अगस्त 2019 में भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद काफी खराब हो गए हैं।

**पर्दे के पीछे वार्ता की शुरुआत**

दोनों देशों के राजनयिक संबंधों में कड़वाहट पैदा हो गई, द्विपक्षीय कारोबार स्थगित है और रचनात्मक वार्ताएं भी नहीं हो रही हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यभार संभालने से पहले ही दोनों देशों में पर्दे के पीछे वार्ता की शुरुआत हो चुकी है।

**रास्ता तलाशने में जुटे दोनों देश**

रिपोर्ट में कहा गया है कि संपर्कों की वजह से फरवरी 2021 में युद्धविराम समझौते का नवीकरण हुआ और तब से इसके उल्लंघन की कोई बड़ी घटना



सामने नहीं आई है। हालांकि, यह प्रक्रिया दोनों देशों के बीच वार्ता की बहाली में कोई बड़ी भूमिका नहीं निभा सकी। पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद दोनों देश आधिकारिक वार्ता के लिए रास्ता तलाशने में जुट गए हैं।

**एकदूसरे के संपर्क में दोनों देश**

आधिकारिक सूत्रों ने कहा, 'इसे बैक चैनल, ट्रैक-2 या पर्दे के पीछे की वार्ता कहना उचित होगा। मैं सिर्फ इसकी पुष्टि कर सकता हूं कि दोनों देशों के संबंधित लोग संपर्क में हैं।' एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने पाकिस्तान की गठबंधन सरकार के एक वरिष्ठ सदस्य के हवाले से कहा, 'हमारी नीति स्पष्ट है। हम भारत समेत सभी देशों के साथ बातचीत व मेलजोल रखना चाहते हैं।

**व्यापारिक संबंधों की पुनर्बहाली से हो सकती है शुरुआत**


सूत्रों ने भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत शुरू करने की इस कवायद के लिए अमेरिका व ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों की सिफारिशों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि भारत पहले व्यापारिक संबंध बहाल करने में दिलचस्पी रखता है। शीर्ष तीन गेहूं उत्पादक देशों में शुमार भारत संकटग्रस्त पाकिस्तान को गेहूं निर्यात की इच्छा रखता है।

## रूसी जासूस का बड़ा खुलासा, आंखों की रोशनी खो रहे राष्ट्रपति पुतिन, जिंदगी के बचे बस 3 साल?

**दुनिया ।** एक रूसी खुफिया अधिकारी ने दावा किया है कि तेजी से बढ़ रहे कैंसर के कारण राष्ट्रपति पुतिन की आंखों की रोशनी जा रही है। यह यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी राष्ट्रपति के बिगड़ते स्वास्थ्य के बारे में अटकलों से अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को ऐसी सभी रिपोर्टों का खंडन किया और कहा कि ऐसी किसी भी बीमारी के कोई संकेत नहीं हैं।रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (FSB) अधिकारी का हवाला देते हुए इंडिपेंडेंट ने बताया कि 69 वर्षीय पुतिन के पास जीने के लिए केवल तीन और साल बचे हैं।इंडिपेंडेंट ने यह भी बताया कि एफएसबी अधिकारी ने पूर्व रूसी जासूस बोरिस कार्पिचकोव को एक संदेश में पुतिन के स्वास्थ्य पर कई बड़े खुलासे किए है। आपको बता दें कि बोरिस कार्पिचकोव यूके में रहते हैंDNews.com.au द्वारा जारी स्नस्क्च अधिकारी के संदेश के एक हिस्से में कहा गया है कि ÷हमें बताया गया है कि वह सिरदर्द से पीड़ित है और जब वह टीवी पर देखकर बात करते है तो उन्हें बड़े अक्षरों में लिखे गए कागज के टुकड़ों की आवश्यकता होती है ताकि वह पढ़ सके कि वह क्या कहने जा रहे है।

उनकी आखों की रोशनी गंभीर रूप से खराब हो रही है।मेट्रो और एक्सप्रेस की अन्य मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पुतिन के अंग अनियंत्रित कांपते हैं।रूसी विदेश मंत्री, सर्गेई लावरोव ने पुतिन के स्वास्थ्य के बारे में प्रसारित होने वाली रिपोर्टों का पूरी तरह से खंडन किया। रूसी मंत्री ने फ्रांस के प्रसारक ञ्जस्न1 के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझदार व्यक्ति पुतिन में किसी तरह की बीमारी या बीमारी के लक्षण देख सकता हैं।÷लावरोव ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति, जो अक्टूबर में 70 वर्ष के होने वाले हैं, हर दिन सार्वजनिक रूप से दिखाई देते हैं।

## पाकिस्तान में बदतर हुए हालात, भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत से जूझ रही देश की जनता



**इस्लामाबाद।** इस वक्त पाकिस्तान संकटों से घिरा है। सिंध समेत देश के कई हिस्सों में रहने वाले लोगों को भीषण गर्मी से जूझना पड़ रहा है। यहां का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। इसके साथ ही पानी की किल्लत से स्थिति और बदतर हो रही है। यहां न तो पीने का पानी है ओर न ही खेत में फसलों के लिए पानी मिल पा रहा है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि जून में भी गर्मी की यही दशा रहेगी। यदि यही हाल बना रहा तो इस बार देश में फसल अच्छी नहीं होगी और खाने के पाकिस्तान के दक्षिण सिंध प्रांत का किसान खालिद बक्स ने अपनी चिंता जाहिर की।दरअसल उन्होंने खेत में गन्ने और रुई की फसल लगाई है जो पानी न होने के कारण सूखने की कगार पर है। उन्होंने बताया, 'पिछले साल भी पानी की किल्लत के कारण फसल उतनी अच्छी नहीं हुई जितनी उम्मीद थी। लेकिन इस बार पानी का संकट काफी अधिक है। नहर सूख रहे हैं, और हमारे पास कोई ऐसा संसाधन नहीं हैं कि हम अपनी फसलों में पानी दे सकें।' यदि हालात ऐसे ही रहे तो स्थानीय किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा।'न्यूज एजेंसी सिन्हुआ से बातचीत में सिंध के मुख्यमंत्री के सलाहकार मंजूर वासन (Manzoor Wassan) ने कहा कि पानी की कमी से करीब-करीब अधिकांश फसलें खराब हो गई हैं। उन्होंने आशंका जताई कि आने वाले दिनों में यह और भी खराब होंगी। सिंध में आम, काली मिर्च, काटन, चावल, गेहूं और गन्नों समेत कई फसलें होती हैं लेकिन पानी की कमी के कारण इस बार किसानों को संकट से जूझना पड़ रहा है।

## कनाडा में हैंडगन के स्वामित्व पर रोक का फैसला

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने देश में हैंडगन के स्वामित्व पर रोक लगाने की घोषणा की है। यह फैसला हाल ही में अमेरिका में गोलीबारी की बड़ी घटनाओं के बाद लिया गया। इस फैसले के लागू होने के बाद बंदूकों के आयात और बिक्री पर प्रभावी रूप से प्रतिबंध लग जाएगा। कनाडा सरकार ने हैंडगन की बिक्री और खरीद पर 'राष्ट्रीय फ्रीज' लागू करने के लिए सोमवार को कानून पेश किया है। यह कानून मैगजीन की क्षमता को भी सीमित करेगा और बंदूक की तरह दिखने वाले कुछ खिलौनों पर प्रतिबंध लगाएगा। ट्रूडो ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बंदूक की हिंसा में मारे गए कनाडाइयों की संख्या बहुत अधिक है। उन्होंने कहा- 'मैंने देश में अपने समुदायों में बंदूक हिंसा की दुखद कीमत को अच्छी तरह से देखा है। आज, हम कनाडा के इतिहास में कुछ सबसे मजबूत उपायों का प्रस्ताव कर रहे हैं ताकि बंदूकें हमारे समुदायों से बाहर हो सकें और सभी के लिए एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकें।'

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## म्यांमार के यांगून में बम विस्फोट, एक की मौत, एक विदेशी सहित नौ घायल

**नाएप्यीडॉ।** म्यांमार के सबसे बड़े शहर व पूर्व राजधानी यांगून में मंगलवार को जोरदार बम विस्फोट हुआ। बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और नौ लोग घायल हो गए। घायलों में एक विदेशी नागरिक भी शामिल है।



यह घटना उस समय हुई, जब कुछ ही देर में संयुक्त राष्ट्र संघ के विशेष दूत यांगून दौरे पर पहुंचने वाले थे। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास भगदड़ मच गयी। पास ही में बस अड्डा होने के कारण भारी संख्या में लोग वहां जुटे थे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। उनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हमले को म्यांमार की आम जनता पर नियोजित हमला करार दिया जा रहा है। इसे लेकर आम जनमानस का आक्रोश भी मुखर हो रहा है।

म्यांमार सरकार के प्रवक्ता व आंतरिक मामलों के मंत्री डॉ. शाशा ने यांगून के शहरी हिस्से में बस अड्डे के पास मंगलवार अपराह्न हुए जोरदार बम विस्फोट की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि क्रूर जनसंहार सेना लगातार म्यांमार में अपने ही देश के लोगों पर हमले कर उनका नुकसान कर रही है। उन्होंने मंगलवार के विस्फोट में एक विदेशी नागरिक के घायल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि लंबे समय से म्यामांर के अपने लोगों के खिलाफ हिंसात्मक गतिविधियां चला रही नरसंहार सेना अब मुसीबत बन गयी है। हमें आतंक के इस दौर को समाप्त करना होगा।

उन्होंने बम विस्फोट को म्यांमार की शांतिप्रिय जनता के लिए काला अध्याय करार दिया। उन्होंने विस्फोट के शिकार लोगों के प्रति सांत्वना व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी सद्भावनाएं उन सभी पीड़ितों व उनके परिजनों के साथ हैं। सरकार उन्हें न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## रूस के कारण अनाज निर्यात नहीं कर पा रहा यूक्रेन, वीडियो संबोधन में जेलेंस्की ने दिया बड़ा बयान

**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के समुद्री बंदरगाहों को बंद कर दिया है, जिससे वे 2.2 करोड़ टन अनाज निर्यात नहीं कर पा रहे हैं। जेलेंस्की ने मंगलवार रात दिए एक वीडियो संबोधन में कहा कि रूस के इस कदम से यूक्रेन से पहुंचने वाले अनाज पर निर्भर देशों में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है और एक नया प्रवास संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया, ''यकीनन रूसी नेतृत्व ऐसा ही चाहता है।'' साथ ही, यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दावा किया कि कि यूक्रेन में रूसी हमले की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 32 मीडियाकर्मी मारे गए हैं। जेलेंस्की ने फ्रांस की विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के साथ हुई एक बैठक में फ्रांस से खाद्य आपूर्ति पर रूसी हथकंडों के आगे नहीं झुकने का आग्रह भी किया।




मॉस्को, रूस की सरकारी गैस कंपनी 'गजप्रोम' ने सोमवार को पुष्टि की कि रूबल (रूसी मुद्रा) में भुगतान करने से इनकार करने के कारणउसने नीदरलैंड के एक गैस व्यापारी को मंगलवार से गैस आपूर्ति रोकने का फैसला किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस साल की शुरुआत में यूरोपीय देशों से रूबल में भुगतान करने को कहा था। पेरिस, फ्रांसीसी समाचार एजेंसी 'बीएफएम टीवी' का कहना है कि यूक्रेन में ''एक मानवीय अभियान की कवरेज के दौरान'' उसके पत्रकार फ्रेडरिक लेकलेर्क इमहोफ (32) की हत्या कर दी गई।'बीएफएम टीवी' के मुताबिक, इमहोफ की उस समय हत्या कर दी गई, जब वह डोनबास क्षेत्र में सिविएरोदोनेत्सक शहर के पास एक बख्तरबंद वाहन में मानवीय अभियान को कवर कर रहे थे। मालूम हो कि इस क्षेत्र में यूक्रेनी और रूसी सैनिकों के बीच भीषण जंग जारी है। इमहोफ फ्रांस के नागरिक थे और पिछले छह साल से चैनल के लिए काम कर रहे थे। मॉस्को, क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति का कार्यालय) ने सोमवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन के साथ टेलिफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन के हालात समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। क्रेमलिन की ओर से जारी बयान के अनुसार, पुतिन और एर्दोगन ने काला सागर व अजोव सागर क्षेत्र की सुरक्षा पर गहन चर्चा की। पुतिन ने एर्दोगन को भरोसा दिलाया कि अगर उस पर से प्रतिबंध हटा लिए जाते हैं तो मॉस्को भारी मात्रा में उर्वरकों और कृषि उत्पादों का निर्यात कर सकता है।वाशिंगटन, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनकी यूक्रेन में लंबी दूरी की रॉकेट प्रणाली भेजने की कोई योजना नहीं है। ऐसी खबरें आ रही थीं कि अमेरिका कीव को लंबी दूरी की रॉकेट प्रणाली उपलब्ध कराने पर विचार कर रहा है। बाइडन ने सोमवार को व्हाइट हाउस के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में स्पष्ट किया, ''हम रूस को निशाना बनाने वाली रॉकेट प्रणाली यूक्रेन नहीं भेजने जा रहे हैं।'' बाइडन के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रूस की सुरक्षा परिषद के उप-प्रमुख दमित्री मेदवेदेव ने कहा कि यह एक 'उचित' फैसला है।

ब्रसेल्स (बेल्जियम), यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने सोमवार को रूस पर नए प्रतिबंधों के हिस्से के रूप में साल के अंत तक ईयू में रूसी तेल के अधिकांश आयात को प्रतिबंधित करने को लेकर सहमति जताई। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि दंडात्मक कदम ''वर्ष के अंत तक रूस से ईयू के लिए तेल आयात में प्रभावी रूप से लगभग 90 प्रतिशत की कटौती करेगा।

'' मिशेल ने बताया कि ईयू नेता युद्धग्रस्त देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए यूक्रेन को नौ अरब यूरो की सहायता देने पर भी सहमत हुए हैं।